भिक्षार्थी साधु अन्य जनों (याचकों) की पंक्ति (क्यू-Q) में खड़ा न रहे, मुनि-मर्यादा के अनुरूप गृहस्थ द्वारा दिया हुआ, एषणीय भोजन ग्रहण करे और शास्त्र में बताये गये समय में परिमित आहार करे ॥३२॥

A mendicant wandering for food should not stand in the Q of other beggars. He should accept the food (and water) according to the rules of monk. He should eat petty portion of it at the proper place as laid down in sacred texts. (32)

नाइदूरमणासन्ने, नन्नेसिं चक्खु-फासओ ।
एगो चिट्ठेज्ज भत्तट्ठा, लंघिया तं नइक्कमे ॥३३॥

यदि गृहस्थ के द्वार पर पहले से ही अन्य भिक्षु (याचक) खड़े हों, तो श्रमण न उनके अति समीप और न ही अधिक दूर, और न ही दाता गृहस्थ की दृष्टि के सामने खड़ा रहे। उन याचकों को लांघकर भी आगे न जाय ॥३३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

If other beggars were standing before the gate of house-holder, the sage (श्रमण) should stand neither too far nor too near them and not even in the sight of giver, and he should not cross those beggars. (33)

नाइउच्चे व नीए वा, नासन्ने नाइदूरओ ।
फासुयं परकडं पिण्डं, पडिगाहेज्ज संजए ॥३४॥

संयमी भिक्षु प्रासुक–अचित्त तथा अन्य के लिए निर्मित (परकृत) आहार विधिपूर्वक गृहस्थ से ले किन्तु वह भोजन भी अधिक ऊँचे या अधिक नीचे स्थान से लाया न हुआ हो, तथा अति दूर और अधिक पास से दिया जाने पर भी नहीं लेवे ॥३४॥

A restrained (संयमी) mendicant should accept food devoid of life (प्रासुक-अचित्त) and which is cooked for other's use, from a house holder. It must also not brought from a more high or a more lower place and must not be given from too far off and too close. (34)

अप्पपाणेऽप्पबीयंमि, पडिच्छन्नंमि संवुडे ।
समयं संजए भुंजे, जयं अपरिसाडियं ॥३५॥

संयत साधु प्राणि और बीज रहित, ऊपर से (छत आदि द्वारा) ढके हुए तथा दीवार से घिरे हुए (दीवार वाले) घर (मकान-स्थान) में सहधर्मी साधुओं के साथ, भूमि पर न गिराता हुआ, (प्रासुक अचित्त) खाद्य पदार्थ का विवेक पूर्वक आहार करे ॥३५॥

The restrained ascetic should eat that food with other saints, without rejoicing and scattering crumbs, at a place free from flora and life, covered atop and all sides. (35)

सुकडे त्ति सुपक्के त्ति, सुच्छिन्ने सुहडे मडे ।
सुणिट्ठिए सुलट्ठे त्ति, सावज्जं वज्जए मुणी ॥३६॥

आहार करते समय भी भिक्षु–'यह अच्छा बनाया है, पकाया है, काटा है, अच्छा प्रासुक बना है, बहुत ही बढ़िया स्वादिष्ट पदार्थ है,' इत्यादि भोजन के विषय में सावद्यकारी वचन न बोले ॥३६॥

While eating that food a mendicant should not utter or mutter the sinful words about the food; like–it is 'well–prepared' 'well cooked', 'nicely cut,' 'well–pressed,' 'well–seasoned', 'tasty' and 'delightful' etc. (36)

रमए पण्डिए सासं, हयं भद्दं व वाहए ।
बालं सम्मइ सासन्तो, गलियस्सं व वाहए ॥३७॥

जिस प्रकार वाहक (अश्व शिक्षक) अच्छे घोड़े को हाँकता हुआ सुखी होता है और अड़ियल अश्व को हाँकता हुआ दुःखी होता है। उसी प्रकार गुरुजन बुद्धिमान विनीत शिष्य को शिक्षा देते हुए प्रसन्न होते हैं तथा मूर्ख अविनीत शिष्य को शिक्षा देते हुए खिन्न होते हैं ॥३७॥(चित्र देखें)

As the horse–rider pleases driving a well trained horse but he tires driving an intactable horse. So the preachers delight instructing an humble and intelligent disciple and become tired guiding a foolish and unmodest pupil. (37)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'खड्डुया मे चवेडा मे, अक्कोसा य वहा य मे ।'
कल्लाणमणुसासन्तो, पावदिट्ठि त्ति मन्नई ॥३८॥

पापदृष्टि वाला शिष्य गुरुजनों के कल्याणकारी शिक्षा शब्दों–वचनों को इस प्रकार मानता है–जैसे, ये मुझे ठोकर मारते हैं, चाँटा मारते हैं, गाली देते हैं, अपशब्द बोलते हैं, मारते-पीटते हैं–मुझे कष्ट देते हैं ॥३८॥

The disciple having a sinful outlook, the welfare instructions of preachers, consider as–He has beaten me, knocked and given me boxes, given me a slap, abused me, and hurt me. (38)

'पुत्तो मे भाय नाइ' त्ति, साहू कल्लाण मन्नई ।
पावदिट्ठी उ अप्पाणं, सासं 'दासं व' मन्नई ॥३९॥

विनीत शिष्य (गुरुजनों के अनुशासन को) यह सोचकर स्वीकार करता है कि ये मुझे अपना पुत्र, भाई, आत्मीय समझकर कल्याणकारी शिक्षा देते हैं; जबकि पापदृष्टि वाला अविनीत शिष्य हितशिक्षा से शासित होने पर स्वयं को 'दास' के समान हीन मानता है ॥३९॥

The humble disciple considers the instructions of preachers and accept thinking thus–He is kind to me, treats me like a son, younger brother and a kin, he is my well–wisher; while the sinful outlook–disciple feels himself as a slave. (39)

न कोवए आयरियं, अप्पाणं पि न कोवए ।
बुद्धोवघाई न सिया, न सिया तोत्तगवेसए ॥४०॥

विनीत शिष्य का कर्त्तव्य है कि वह गुरु को कुपित न करे और न स्वयं ही क्रोधित हो; वह गुरु के मन को क्षोभ पहुँचाने वाली (उपघात) चेष्टा न करे और न उनका छिद्रान्वेषण करता रहे ॥४०॥

It is the duty of humble disciple that he should neither make his preacher angry nor himself. He should do no activity which may anguish the mind and heart of the preacher and never look for his (preacher's) loopholes. (40)

आयरियं कुवियं नच्चा, पत्तिएण पसायए ।
विज्झवेज्ज पंजलिउडो, वएज्ज 'न पुणो' त्ति य ॥४१॥

यदि विनीत शिष्य अपने किसी अशोभनीय व्यवहार से यह जाने कि गुरु अप्रसन्न हैं तो तुरन्त प्रीतिभरे वचनों से उन्हें प्रसन्न करे और अंजलिबद्ध होकर 'मैं फिर ऐसा कभी नहीं करूँगा'–विनम्र शब्दों से ऐसा कहे ॥४१॥

If humble disciple perceives that his preacher is displeased due to his (disciple's) inelegant behaviour then at once he should please him with smooth words and should say with folded palms–'I shall never behave thus again'. (41)

धम्मज्जियं च ववहारं, बुद्धेहायरियं सया ।
तमायरन्तो ववहारं, गरहं नाभिगच्छई ॥४२॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धर्म (धर्मोपासना) से युक्त (अर्जित) और तत्त्वज्ञ आचार्यों द्वारा आचरित व्यवहार का आचरण करने वाले साधक की कहीं भी–किसी भी व्यक्ति के द्वारा निन्दा नहीं की जाती ॥४२॥

Acquired by adherence of religious observations and practised by enlightened preceptors, pursuing such behaviour, the disciple no-where and never incurs blame by any person. (42)

मणोगयं वक्कगयं, जाणित्ताऽऽयरियस्स उ ।
तं परिगिज्झ वायाए, कम्मुणा उववायए ॥४३॥

गुरुजनों (आचार्य) के मनोगत और वचन के भावों को जानकर शिष्य वाणी से उन्हें स्वीकार करे और फिर आचरण में उतारे ॥४३॥

Guessing the preceptor's thoughts and purport of his words disciple should express his assent clearly in words and then practise it in action. (43)

वित्ते अचोइए निच्चं, खिप्पं हवइ सुचोइए ।
जहोवइट्ठं सुकयं, किच्चाइं कुव्वई सया ॥४४॥

विनीत शिष्य गुरु द्वारा बिना प्रेरणा किये ही सुप्रेरित के समान कार्य करने के लिए तत्पर रहता है और गुरु द्वारा बताये गये कार्य को तो शीघ्र ही भली भाँति सम्पन्न कर देता है ॥४४॥

The disciplined disciple always remains ready to execute his duties even without the inspiration of the preacher and if the preacher tells for any work he does it quickly and nicely. (44)

नच्चा नमइ मेहावी, लोए कित्ती से जायए ।
हवई किच्चाणं सरणं, भूयाणं जगई जहा ॥४५॥

जो बुद्धिमान शिष्य विनय के स्वरूप को जानकर विनम्रता धारण कर लेता है, संसार में उसका यश स्वतः बढ़ता है। जिस प्रकार प्राणियों के लिये यह पृथ्वी आधारभूत है, उसी प्रकार वह धार्मिक जनों के लिए शरणभूत होता है ॥४५॥

Knowing discipline an intelligent disciple bows, so his fame automatically enhances. He becomes the shelter of all religious people as the earth is for all living beings. (45)

पुज्जा जस्स पसीयन्ति, संबुद्धा पुव्वसंथुया ।
पसन्ना लाभइस्सन्ति, विउलं अट्ठियं सुयं ॥४६॥

शिष्य की विनम्रता आदि से परिचित हुए आचार्य आदि गुरुजन उस पर प्रसन्न होकर उसे मोक्ष का लाभ देने वाला अर्थगंभीर विपुल ज्ञान प्रदान करते हैं ॥४६॥

Worthy, enlightened and well versed in conduct preceptors and preachers satisfied and fully acquainted with the discipline and humbleness of the disciple, delightfully bestow the deep-meaning fully vast scriptural knowledge, which leads to attain salvation. (46)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स पुज्जसत्थे सुविणीयसंसए, मणोरुई चिट्ठइ कम्म-संपया ।
तवोसमायारिसमाहिसंवुडे, महज्जुई पंच वयाइं पालिया ॥४७॥

ऐसे विनीत शिष्य के शास्त्रीय ज्ञान का संसार में समादर होता है। वह (शिष्य) साधु समस्त संशयों से रहित और समस्त कर्म सम्पदा (साधुयोग्य कर्त्तव्य–साधु समाचारी) से युक्त हो जाता है। वह गुरु के मन को प्रियकारी होता है तथा तप के समाचरण एवं समाधि से युक्त रहता है। वह आस्रवों का निरोध (संवृत) करके पाँच महाव्रतों का पालन करता है, महान तेजस्वी होता है ॥४७॥

The scriptural knowledge of such humble disciple begets respect in the world. Being doubtless and enjoined to ascetic code of conduct (साधु समाचारी) that (disciple) ascetic observes penances (तप) and contemplation (समाधि) and becomes dear to his preacher. He retains the inflow of *Kārmic* energy and by fulfilling the five great vows acquires glow. (47)

स देव-गन्धव्व-मणुस्सपूइए, चइत्तु देहं मलपंकपुव्वयं ।
सिद्धे वा हवइ सासए, देवे वा अप्परए महिड्ढिए ॥४८॥

–त्ति बेमि

वह (विनीत शिष्य) देव-मानव-गंधर्वों द्वारा वन्दनीय हो जाता है तथा मल-पंक (रक्त-वीर्य) से निर्मित इस वर्तमान मानव शरीर को त्यागकर या तो शाश्वत सिद्धि प्राप्त करता है अथवा अल्पकर्म वाला महर्द्धिक देव बनता है ॥४८॥

–ऐसा मैं कहता हूँ।

Such disciplined pupil–ascetic begets honour by gods, *gandharvas* (a kind of gods) and human beings. After leaving this impure and filthy human body either he attains eternal salvation or becomes a god of great paraphernalia and having a–few *karma*–particles. (48)

–Such I speak.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष स्पष्टीकरण

गाथा १–संयोग का अर्थ आसक्तिमूलक सम्बन्ध है। वह बाह्य (परिवार तथा संपत्ति आदि) और आभ्यन्तर (विषय, कषाय आदि) के रूप में दो प्रकार का है। (सुखबोधा)

"अणगारस्स भिक्खुणो"–में अनगार और भिक्षु दो शब्द हैं। अनगार का अर्थ है–अगार (गृह) से रहित–अर्थात् जो आहार या वसति आदि की प्राप्ति के लिये जाति, कुल आदि का परिचय देकर दूसरों को अपनी ओर आकृष्ट कर आत्मीय (स्वजन) नहीं बनाता है। (बृ. वृ. शान्त्याचार्य)

विनय का एक अर्थ आचार है, और दूसरा है नमन अर्थात् नम्रता।

गाथा २–आज्ञा और निर्देश समानार्थक हैं। फिर भी चूर्णि के अनुसार आज्ञा का अर्थ होता है–"आगम का उपदेश" और निर्देश का अर्थ होता है–"आगम से अविरुद्ध गुरुवचन"। (बृ. वृ. शा.)

इंगित और आकार शरीर की चेष्टा–विभिन्न मुद्राओं के वाचक हैं। किसी कार्य के विधि या निषेध के लिये सिर हिलाना आदि सूक्ष्म चेष्टा इंगित है, और इधर-उधर दिशाओं को देखना, जँभाई लेना, आसन बदलना आदि स्थूल चेष्टायें (आकार) हैं।

"संपन्ने" का अर्थ सम्पन्न (युक्त) भी है और संप्रज्ञ (जानने वाला) भी। वृहद्वृत्ति में दोनों अर्थ हैं।

गाथा ५–चूर्णि के मतानुसार "कणकुण्डग" के दो अर्थ हैं–चावलों की भूसी अथवा चावल मिश्रित भूसी।

गाथा ७–**बुद्धपुत्त नियागट्ठी**–बुद्धपुत्र अर्थात् आचार्य का विनीत प्रीतिपात्र शिष्य, नियागट्ठी–निजकार्थी, आत्मार्थी, (सुखबोधा)

गाथा १०–**चण्डालियं**–इसमें चण्ड (क्रोध) और अलीक (असत्य) दो शब्द हैं (चूर्णि)। क्रोध के वशीभूत होकर असत्य भाषण करना, तथा क्रूर व्यवहार करना–चाण्डालिक कर्म माना जाता है। (वृहद् वृत्ति)

गाथा १२–**"गलियस्स"** का अर्थ है–अविनीत घोड़ा।

"आकीर्ण" विनीत अश्व और बैल को कहते हैं।

गाथा १८–कृति का अर्थ–वन्दन है। जो वन्दन के योग्य हो, वह कृत्य अर्थात् गुरु एवं आचार्य आदि पूज्य व्यक्ति।

गाथा २६–**"समर"** का अर्थ–लोहार की शाला है, (चूर्णि)। लोहार की शाला तथा नाई की दुकान। एवं इसी प्रकार के साधारण निम्न स्थान (वृ. वृ.) "समर" का दूसरा अर्थ–युद्ध भूमि है। (वृ. वृ.)

गाथा ३५–**"अप्पपाण"** और **"अप्पबीय"** में 'अल्प" शब्द अभाववाची है। (बृहद्वृत्ति)।

गाथा ४०–उपघात–का अर्थ है–आचार्य आदि को मानसिक क्लेश पहुँचाना, या किसी कार्य के लिये बाध्य करना (चूर्णि)

गाथा ४७–कर्मसंपदा के दो अर्थ हैं–साधुओं के द्वारा समाचरित, समाचारी और योगजन्य विभूतियां (लब्धियां) (वृ. वृ.)

Salient Elucidations

Gāthā 1–The word *saṅjogā* which is translated in the text as worldly ties denotes the attachment. Externally the causes of attachment are–wealth, family members etc., and internal causes are–passions, sensual pleasures etc. (*Sukhabodhā*)

In this couplet two words have been used *Aṇagārassa Bhikkhuṇo*. Here *aṇagāra* stands for an adept who is homeless. He does not attract others by giving introuction of his clan, class, lineage, family etc., for getting food, lodging, etc. (*Vṛhad Vṛtti–Śāntyācārya*)

Vinaya (विनय) has two interpretations–(1) Conduct, and (2) Courtesy–modesty.

Gāthā 2–Instruction (आज्ञा) and order (निर्देश) are synonyms. Still according to the *Cūrṇi* instruction is the precept of canonical scriptures (आगम का उपदेश) while order (निर्देश) denotes the words of the preacher which are uncontrary to scriptures (*V. V, Ś*)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Nods (इंगित) and Motion (आकार) both stands for the bodily gestures. But the subtle movement of head for allowing and disallowing any activity is Nod. To see hither and thither in various directions, yawning and change of posture is Motion (आकार).

Opulent (संपन्न) has two interpretations (1) to have, to enjoin and (2) acknowledger, if this word is formed as संप्रज्ञ. *Vṛhad Vṛtti* gives both the meanings.

Gāthā 5–Cūrṇi consists two interpretations of the word *Kaṇakuṇḍagaṁ*–(1) rice mixed with chaff and (2) chaff of rice.

Gāthā 7–Buddhaputta niyāgaṭṭhi–Here *Buddhaputta* word stands for pupil who is modest and favourite to the preceptor. *Niyāgaṭṭhi* means–self–intended. (*Sukhabodhā*)

Gāthā 10–The word *Caṇḍāliyaṃ* consisted of two words, (1) anger (चण्ड) and (2) falsehood (अलिय) (*Cūrni*). Overpowered by the emotion of anger to tell a lie and to do cruel behaviour, is called a *chāṇḍālika* deed. (*Vṛhad Vṛtti*)

Gāthā 12–Intactible horse is *galiassa*.

Tactible or disciplined horse or ox is known as *ākiṛṇa* (आकीर्ण)

Gāthā 18–Obeisance is the meaning of *Kṛti* (कृति). Who is adorable, is called *kṛtya* (कृत्य). Those adorables are preceptors and preachers.

Gāthā 26–The word *samara* (समर) has many meanings. Black-smith's shop, smithy (*Churṇi*) Barber's shop and other such lower type places, even it may mean donkey's shed. The other meaning is battle field. (*V. V*)

Gāthā 35–The words (अप्पपाण अप्पबीय) here by अप्प–अल्प few is not meant, it denotes entire devoidance–absence.

Gāthā 40–(बुद्ध उवघात) To create mental tribulation to preceptor etc. or to compel for doing any kind of activity or deed (*Cūrni*).

Gāthā 47–The word *Karmasampadā* is interpretated in two ways–(1) conducted by the ascetics or the correct behaviour of ascetics and the (2) occult powers derived by Yoga (योग संपदा)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय अध्ययन : परीषह-प्रविभक्ति

पूर्वालोक

उत्तराध्ययन सूत्र के प्रस्तुत द्वितीय अध्ययन का नाम परीषह प्रविभक्ति है। परीषह का अर्थ है–स्वीकृत मोक्षमार्ग से न डिगते हुए, आये हुए कष्टों को समभावपूर्वक सहन करना।

इससे पहले विनयश्रुत अध्ययन में साधक शिष्य को विनय–अनुशासन, सदाचार आदि की प्रेरणा दी गई थी। विनय में परिपक्व साधक अनुशासित तो होता ही है, साथ ही उसमें धीरता, गंभीरता, साहस आदि गुणों का भी संचार हो जाता है। वह निर्भय, निःशंक और कष्टसहिष्णु बन जाता है।

अपने इन्हीं गुणों के कारण वह परीषह विजेता बनता है।

परीषह वे कष्ट हैं, जो परिस्थितियों, ऋतुओं, मनुष्यों, देवों, तिर्यंचों आदि की प्रतिकूलता के कारण आते हैं। यद्यपि इनमें मूल कारण तो साधक के अपने पूर्वकृत कर्म ही होते हैं लेकिन बाह्य निमित्त परिस्थितियाँ आदि होते हैं।

साधक न तो कष्टों को आमंत्रण देता है, न शरीर व इन्द्रियों को स्वयं ही कष्टित करता है और न ही परीषहों को बेबस होकर सहन करता है। वे तो स्वयं ही उपस्थित होते हैं; किन्तु दृढ़ मनोबली साधक इनसे संत्रस्त और पराजित नहीं होता, आर्तध्यान नहीं करता, संक्लेश नहीं करता; अपितु इन्हें समभाव से सहन करता है।

परीषह अनुकूल भी होते हैं और प्रतिकूल भी; जिन्हें शीत और उष्ण परीषह भी कहा गया है।

प्रस्तुत अध्ययन में २२ परीषहों का वर्णन है, जिनमें स्त्री और सत्कार–ये दो परीषह अनुकूल अथवा शीत परीषह हैं और शेष २० प्रतिकूल अथवा उष्ण परीषह हैं।

इन अनुकूल और प्रतिकूल परीषहों को समभाव पूर्वक सहना साधक जीवन की कसौटी है कि इसकी साधना की जड़ें कितनी गहरी हैं और मोक्षमार्ग पर चलने की दृढ़ता कितनी मजबूत है।

इन २२ परीषहों में प्रज्ञा और अज्ञान का कारण ज्ञानावरणीय कर्म; अलाभ का कारण अन्तराय कर्म; अरति, अचेल, स्त्री, निषद्या, याचना, आक्रोश, सत्कार-पुरस्कार का कारण चारित्रमोहनीय कर्म, दर्शन परीषह का कारण दर्शनमोहनीय कर्म तथा शेष परीषहों का कारण वेदनीय कर्म है।

आगम विज्ञों का मत है कि प्रस्तुत अध्ययन कर्मप्रवाद पूर्व के १७वें प्राभृत से उद्धृत है।

प्रस्तुत अध्ययन में परीषहों के सन्दर्भ में संयमी साधक की जीवन चर्या का सर्वांगपूर्ण विवेचन है।

इस अध्ययन में ३ सूत्र और ४६ गाथाएँ हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

CHAPTER 2
DIVISIONAL TYPES OF TROUBLES

Foreview

The title of this chapter is Types of Troubles (परीषह प्रविभक्ति) or the different divisions of Troubles. In present reference the word *Trouble* (परीषह) denotes–to endure the difficulties with equanimity (समभाव) and remaining resolute on the accepted path of salvation.

The previous chapter dealt with the inspirement of discipline, good conduct to the disciple. The well–versed adept (साधक) being disciplined also develops other attributes like soberness, courage etc.He becomes fearless, undoubted and tolerant.

By the dint of these attributes he overcomes the troubles or in other words–becomes the victor of troubles.

The troubles are the difficulties which arouse due to surroundings, environment, seasonal periods, and perversity of gods, men, beasts and birds etc. Though the root or internal cause of all the troubles are adept's own deeds (कर्म) done in previous life or lives but the external causes are circumstances etc.

The devotee neither invites the troubles, nor hurts his own body and senses, nor he endures them helplessly. The troubles occur automatically but firm determined and having strong will–power adept neither becomes afraid of nor subjugated by them, he does not indulge in inauspicious thoughts nor distress himself but bears them equanimously–devoid of attachment and aversion.

Troubles are of both types–(1) favourable and (2) disfavourable. These are called cool and warm respectively.

There is the description of 22 troubles in this chapter. Among these woman and honour (सत्कार) troubles are favourable–soothing and the remaining 20 troubles are disfavourable, warm or painful to the adept.

To bear these favourable and unfavourable troubles with even mind is the test of adept–life that how much deep is his adeptation and how much firmly he is stepping forward on the path of salvation.

Among the 22 troubles the cause of understanding (प्रज्ञा) and ignorance (अज्ञान) trouble is the knowledge obscuring karma (ज्ञानावरणीय कर्म), of refusal (अलाभ) is power hindrance karma (अन्तराय कर्म) of nakedness (अचेल), women (स्त्री), spot for sutdy and meditation (निषद्या), ask for something (याचना), abuses (अक्कोस-आक्रोश), kind and respectful treatment (सत्कर-पुरस्कार) is conduct illusory karma (चारित्रमोहनीय कर्म) and of faith (disfaith) (दर्शन) trouble is faith illusory karma (दर्शनमोहनीय कर्म) and the cause of rest troubles is emotion provoking karma (वेदनीय कर्म).

Learned persons of scriptures opine-this chapter has been taken or quoted from the seventeenth *prābhṛta* of *karmapravāda pūrva.*

This chapter presents thorough description of the life order of a restrained ascetic.

This chapter consists three maxims and 46 couplets–stanzas (गाथा)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बीयं अज्झयणं : परीसह-पविभत्ती
द्वितीय अध्ययन : परीषह-प्रविभक्ति

सूत्र १–सुयं मे, आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं–

इह खलु बावीसं परीसहा समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया, जे भिक्खू सोच्चा, नच्चा, जिच्चा, अभिभूय भिक्खायरियाए परिव्वयन्तो पुट्ठो नो विहन्नेज्जा ।

सूत्र १–(श्री सुधर्मा स्वामी जम्बू स्वामी से कहते हैं) हे आयुष्मन् ! मैंने सुना है, कि भगवान महावीर ने ऐसा कहा है–

काश्यप गोत्रीय श्रमण भगवान महावीर ने (साधु जीवन में आने वाले) २२ परीषहों का वर्णन किया है। इन्हें सुनकर, जानकर, जीतकर, बार-बार के अभ्यास द्वारा परिचित कर, उनकी प्रबलता को परास्त कर भिक्षाचर्या के लिए घूमता हुआ साधु (भिक्षु) इन परीषहों के आने (स्पृष्ट होने) पर भी अपनी संयम यात्रा से विचलित नहीं होता।

Maxim 1–(*Sudharmā gaṇadhara–Swāmī* says to his able disciple *Jambū swāmī*) O long lived *Jambū* ! I myself have listened that *Śramaṇa Bhagavāna Mahāvīra* of *Kāśyapa gotra* (lineage) has prescribed these 22 troubles (परीषह), which occurs in the life of a mendicant. On hearing about them, knowing them, fully understanding them by experiencing again and again, bearing them, conquering them and subduing their strength–while wandering for getting food the mendicant if touched afflicted by them, does not slip from his restrain order.

सूत्र २–कयरे खलु ते बावीसं परीसहा समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया, जे भिक्खू सोच्चा, नच्चा, जिच्चा, अभिभूय भिक्खायरियाए परिव्वयन्तो पुट्ठो नो विहन्नेज्जा ।

सूत्र २–(जम्बू स्वामी की जिज्ञासा) (भगवन् !) काश्यप गोत्रीय श्रमण भगवान महावीर द्वारा कहे हुए वे २२ परीषह कौन से हैं, जिन्हें सुनकर, जानकर, अभ्यास द्वारा परिचित कर, जीतकर, उनकी प्रबलता को कम करके भिक्षाचर्या हेतु घूमता हुआ भिक्षु उनसे आक्रान्त होने पर भी अपनी संयम यात्रा से विचलित नहीं होता।

Maxim 2–(Inquisitiveness of *Jambū swāmī*) Oh reverend preceptor ! *Kāśyapa Gotrīya Śramaṇa Bhagavāna Mahāvūra* has prescribed 22 troubles. What are these ? By hearing about them, knowing them, fully understanding them by experiencing again and again, bearing them, conquering them and subduing their strength–while wandering for getting food the mendicant if touched–came across them does not slip from his restrain order?

सूत्र ३–इमे खलु ते बावीसं परीसहा समणेणं भगवया महावीरेणं कासवेणं पवेइया, जे भिक्खू सोच्चा, नच्चा, जिच्चा, अभिभूय, भिक्खायरियाए परिव्वयन्तो पुट्ठो नो विहन्नेज्जा, तं जहा–

सूत्र ३–(सुधर्मा स्वामी कहते हैं) काश्यप गोत्रीय श्रमण भगवान महावीर द्वारा कहे हुए २२ परीषह–जिन्हें सुनकर, जानकर, अभ्यास द्वारा परिचित कर, जीतकर, उनकी प्रबलता को सहनीय बनाकर भिक्षा हेतु पर्यटन करता हुआ भिक्षु इनसे आक्रान्त होने पर भी अपने संयम मार्ग से विचलित नहीं होता; वे २२ परीषह इस प्रकार हैं–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Maxim 3–(*Sudharmā swāmī* says) The 22 troubles expressed by *Kāśyapa Gotrīya Śramaṇa Bhagavāna Mahāvīra* by hearing about them, knowing them, fully understanding them, by experiencing them again and again, bearing them, conquering them and subduing their prevalancy–a mendicant wandering for getting food if touched–came across them, does not slip from his life order. These 22 troubles are as–

१ दिगिंच्छा-परीसहे	२ पिवासा-परीसहे	३ सीय-परीसहे
४ उसिण-परीसहे	५ दंस-मसय-परीसहे	६ अचेल-परीसहे
७ अरइ-परीसहे	८ इत्थी-परीसहे	९ चरिया-परीसहे
१० निसीहिया-परीसहे	११ सेज्जा-परीसहे	१२ अक्कोस-परीसहे
१३ वह-परीसहे	१४ जायणा-परीसहे	१५ अलाभ-परीसहे
१६ रोग-परीसहे	१७ तण-फास-परीसहे	१८ जल्ल-परीसहे
१९ सक्कार-पुरक्कार-परीसहे	२० पन्ना-परीसहे	२१ अन्नाण-परीसहे
२२ दंसण-परीसहे।		
(१) क्षुधा परीषह	(२) पिपासा परीषह	(३) शीत परीषह
(४) उष्ण परीषह	(५) दंश मशक परीषह	(६) अचेल परीषह
(७) अरति परीषह	(८) स्त्री परीषह	(९) चर्या परीषह
(१०) निषद्या परीषह	(११) शैया परीषह	(१२) आक्रोश परीषह
(१३) वध परीषह	(१४) याचना परीषह	(१५) अलाभ परीषह
(१६) रोग परीषह	(१७) तृण-स्पर्श परीषह	(१८) जल्ल परीषह
(१९) सत्कार-पुरस्कार परीषह	(२०) प्रज्ञा परीषह	(२१) अज्ञान परीषह
(२१) दर्शन परीषह।		

(1) Hunger (क्षुधा) (2) thirst (पिपासा) (3) cold (शीत) (4) heat (उष्ण) (5) drones and biting insects (दंश-मशक) (6) nakedness (अचेल) (7) discontent (अरति) (8) women (स्त्री) (9) wandering (चर्या) (10) Spot for sitting, study and meditation (निषद्या) (11) bed or lodge (शैया) (12) Abuse (आक्रोश) (13) Punishment (वध) (14) Asking for anything (याचना) (15) Refusal (अलाभ) (16) Illness (रोग) (17) Pricks (तृणस्पर्श) (18) Dirt (जल्ल) (19) Good and Respectful treatment (सत्कार-पुरस्कार) (20) Knowledge-Intelligence (प्रज्ञा) (21) Ignorance (अज्ञान) (22) Faith (दर्शन)।

परीसहाणं पविभत्ती, कासवेणं पवेइया ।
तं मे उदाहरिस्सामि, आणुपुव्विं सुणेह मे ॥१॥

काश्यप गोत्रीय श्रमण भगवान महावीर ने परीषहों के जो विभागशः भेद बताए हैं, वे मैं तुम्हें कहता हूँ। तुम क्रमशः मुझसे सुनो॥१॥

Kāśyapa Gotrīya Śramaṇa Bhagavāna Mahāvīra has expressed the types of troubles divisionally. I tell you them in proper order. Listen to me attentively (1)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१—क्षुधा-परीषह

दिगिंछा-परिगए देहे, तवस्सी भिक्खु थामवं ।
न छिन्दे, न छिन्दावए, न पए न पयावए ॥२॥
काली-पव्वंग-संकासे, किसे धमणि-संतए ।
मायन्ने असण-पाणस्स, अदीण-मणसो चरे ॥३॥

अत्यधिक क्षुधा की वेदना होने पर भी दृढ़ मनोबली तपस्वी न स्वयं फलों का छेदन (वृक्ष से फल तोड़ना) करे, न किसी अन्य से छेदन करावे और न स्वयं पकाये, न किसी अन्य से पकवाये ॥२॥

दीर्घकाल की क्षुधा के कारण कौए की जांघ के समान शरीर अत्यन्त दुर्बल (दुबला) और कृश हो जाए, धमनियाँ (शरीर का नसा-जाल) साफ दिखाई देने लगें। फिर भी अशन-पान (आहार-पानी) की मर्यादा को जानने वाला साधु दीनभाव से रहित होकर संयम यात्रा में विचरण करे ॥३॥

(1) Hunger Trouble

Due to the extremity of hunger-agony, may the body be weakened but the ascetic who is firm in self control and does penance, should not pluck the fruits etc., from the trees nor should cause other to pluck, neither cook food himself nor cause others to cook, for eating. (2)

Due to the long-time hunger, emanciated like the leg of crow or a kind of grass (काली पव्वंग संकासे), lean with veins visible through skin, knowing the permitted measure of food and water, he should wander with non-downcast mind. (3)

२—पिपासा (तृषा) परीषह

तओ पुट्ठो पिवासाए, दोगुंछी लज्ज-संजए ।
सीओदगं न सेविज्जा, वियडस्सेसणं चरे ॥४॥
छिन्नावाएसु पन्थेसु, आउरे सुपिवासिए ।
परिसुक्क-मुहेऽदीणे, तं तितिक्खे परीसहं ॥५॥

असंयम से दूर रहने वाला लज्जालु संयमी भिक्षु प्यास से अत्यन्त पीड़ित होता हुआ भी शीतल जल (सचित्त जल) का सेवन न करे; अपितु अचित्त-प्रासुक जल की गवेषणा करे ॥४॥

निर्जन एकान्त पथों में भी तीव्र तृषा से व्याकुल होने पर, यहाँ तक कि मुँह (कण्ठ) सूख जाने पर भी साधु दीन भाव से रहित होकर तृषा की पीड़ा को सहन करे ॥५॥

2. Thirst trouble

The mendicant–afraid of lapse and restrained by shame–oppressed by thirst, should not drink cool (unboiled–सचित्त-शीतल) water. He should search for boiled (उबला हुआ अचित्त) water. (4)

Wandering at lonely path, without water with him, yet oppressed by extreme agony of thirst with dry throat. Still he should not humble himself and bear the thirst trouble. (5)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परीषहों का सचित्र वर्णन : अध्ययन २ गाथा ९ से १३ तक









चित्र क्रमांक ५ पृष्ठ २९ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परीषहों का सचित्र वर्णन : अध्ययन २ गाथा १६ से २८ तक









चित्र क्रमांक ६ पृष्ठ २९ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३—शीत-परीषह

चरन्तं विरयं लूहं, सीयं फुसइ एगया ।
नाइवेलं मुणी गच्छे, सोच्चाणं जिणसासणं ॥६॥
'न मे निवारणं अत्थि, छवित्ताणं न विज्जई ।
अहं तु अग्गिं सेवामि'—इह भिक्खू न चिन्तए ॥७॥

पापों से विरक्त और (स्निग्ध भोजन न करने के कारण) रूक्ष शरीर वाला साधु विचरण करते हुए कभी शीत (ठंड) से पीड़ित हो जाये तो भी जिन शासन (वीतराग के उपदेशों) को सुन-समझकर स्वाध्याय आदि साधुचर्या के काल का उल्लंघन न करे—यथाकाल साधु-नियमों का पालन करे ॥६॥

शीत की अधिकता से पीड़ित मुनि ऐसा न सोचे कि—'मेरे पास शीत की बाधा का निवारण करने के लिए न तो अच्छा मकान है और न कंबल आदि ही है; तब क्यों न अग्नि का सेवन करके शीत की बाधा को शांत कर लूँ ॥७॥

3. Cold Trouble

Avoiding the sins and taking unlubricated food, having dry skin (body) such an ascetic, may be afflicted to cold, when wandering alone, still then, hearing and understanding the preachings of free from attachment and aversion (वीतराग) the order of Jinas (जिनशासन) should not neglect the time period of scriptural study and ascetic-order, he should perform the rules of ascetic at the time specified for. (6)

Oppressed by extremity of cold the ascetic should not think that 'I have no shelter, nor blanket to protect myself, so lit fire to warm up my body.'(7)

४—उष्ण-परीषह

उसिण-परियावेणं, परिदाहेण तज्जिए ।
घिंसु वा परियावेणं, सायं नो परिदेवए ॥८॥
उण्हाहित्तत्ते मेहावी, सिणाणं नो वि पत्थए ।
गायं नो परिसिंचेज्जा, न वीएज्जा य अप्पयं ॥९॥

तपी हुई गर्म भूमि, शिला, लू (गर्म वायु) के परिताप से, शरीर या तृषा के दाह से, ग्रीष्मकालीन सूर्य के प्रचण्ड ताप से पीड़ित होता हुआ श्रमण सात (शीत स्पर्श से प्राप्त सुख) के लिए आकुल-व्याकुल न बने ॥८॥

मेधावी श्रमण अत्यधिक गर्मी के ताप से तप्त होने पर भी न तो स्नान की इच्छा करे और न ही शरीर को जल से सींचे—गीला करे और न पंखे आदि से हवा ही करे ॥९॥

4 Heat Trouble

Oppressed by too much warm ground, rock, warm wind, distressed by warmness of body and thirst, by the blazing summer sun, sage should not seek for cool–touch and cold place. (8)

The wise sage, though roasted by unenduring heat should not desire for bath, nor he should wet his body by water; even not fan himself. (9)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५—दंश-मशक-परीषह

पुट्ठो य दंस-मसएहिं, समरेव महामुणी ।
नागो संगाम-सीसे वा, सूरो अभिहणे परं ॥१०॥
न संतसे न वारेज्जा, मणं पि न पओसए ।
उवेहे न हणे पाणे, भुंजन्ते मंस-सोणियं ॥११॥

डांस-मच्छरों (चींटी आदि क्षुद्र तथा सूक्ष्म जंतुओं) का उपद्रव होने पर भी महामुनि अपने समभाव में स्थिर रहे। जिस प्रकार रणक्षेत्र में गजराज बाणों की परवाह नहीं करता हुआ शत्रुओं का विध्वंस करता है, उसी प्रकार महामुनि परीषहों पर विजय प्राप्त करके राग-द्वेष, कषाय, कर्म आदि आन्तरिक शत्रुओं का हनन करे ॥१०॥

डांस-मच्छरों के परीषह पर विजय प्राप्त करने वाला मुनि उनके द्वारा दी जाने वाली पीड़ा से उद्विग्न न हो। न उन्हें हटाए, न उनके प्रति मन में द्वेष ही करे। यहाँ तक कि यदि वे उसका मांस काटें, रक्त पीवें तो भी उन्हें मारे नहीं, उनके प्रति उपेक्षाभाव रखे ॥११॥

(5) Drones' Trouble

Oppressed by the painful stings and biting of drones and insects the great monk remains equanimous. In the battle-field as the strong elephant, without caring about the fiercing arrows destroys the enemies; so the great monk conquering the troubles destroy the attachment, aversion, passions, karma etc., the inherent enemies, (10)

The victor of drones' trouble monk remains undisturbed by the agony of their stings. Neither scare nor drive them off, nor defile his mind. Even if they bite his flesh and suck his blood, he should not kill them, only become indifferent toward them. (11)

६—अचेल परीषह

'परिजुण्णेहि वत्थेहिं, होक्खामि त्ति अचेलए' ।
अदुवा 'सचेलए होक्खं', इइ भिक्खू न चिन्तए ॥१२॥
'एगयाऽचेलए होइ, सचेले यावि एगया' ।
एयं धम्महियं नच्चा, नाणी नो परिदेवए ॥१३॥

वस्त्रों के अधिक जीर्ण हो जाने-फट जाने से मैं अचेलक हो जाऊँगा अथवा नये वस्त्र मिल जाने से सचेलक (नये वस्त्रधारी) बन जाऊँगा—श्रमण इस प्रकार का विचार न करे ॥१२॥

परिस्थितियों के कारण 'साधु कभी अचेलक भी होता है और कभी सचेलक भी होता है।' दोनों ही स्थितियों को धर्म के लिए हितकारी मानकर ज्ञानी श्रमण कभी आकुल-व्याकुल न हो, दुःख न करे ॥१३॥

6. Nakedness Trouble

The sage should not entertain such thoughts 'My clothes being torn, I shall be soon naked' or 'by getting new cloths I will be the bearer of new clothes' (12)

Due to the circumstances, sometimes he is totally unclad and sometimes has a robe. Considering both the positions beneficial for religion (religious rituals) sage shold never feel sorrow. (13)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७–अरति-परीषह

गामाणुगामं रीयन्तं, अणगारं अकिंचणं ।
अरई अणुप्पविसे, तं तितिक्खे परीसहं ॥१४॥
अरइं पिट्ठओ किच्चा, विरए आय-रक्खिए ।
धम्मारामे निरारम्भे, उवसन्ते मुणी चरे ॥१५॥

ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए अनिकेत अकिंचन श्रमण के मन-मस्तिष्क में कभी संयम के प्रति अरति (अरुचि) उत्पन्न हो जाय तो उस परीषह को समभाव से सहे ॥१४॥

विषयों से विरक्त, आरम्भत्यागी, आत्मरक्षक मुनि अरति भाव को दूर कर धर्मरूपी उद्यान में स्थिर होकर उपशम भावों में रमण करे ॥१५॥

7. Discontent trouble

Wandering from village to village, without money and shelter, the disgust for restrain may disturb his heart and head, but he should bear this trouble with the peace of mind. (14)

Disinclined to sensual pleasures, renouncer of sins, self protecting monk, getting rid of discontent feelings, remains in the garden of religion should indulge himself into tranquil-thoughts (15)

८–स्त्री-परीषह

'संगो एस मणुस्साणं, जाओ लोगंमि इत्थिओ ।'
जस्स एया परिन्नाया, सुकडं तस्स सामण्णं ॥१६॥
एवमादाय मेहावी, 'पंकभूया उ इत्थिओ' ।
नो ताहिं विणिहन्नेज्जा, चरेज्जऽत्तगवेसए ॥१७॥

जो साधु ऐसा जानता है कि संसार में पुरुष के लिए स्त्रियां बंधन का बहुत ही प्रबल कारण हैं (उनके प्रति विरक्त-बुद्धि से) उस साधु का श्रमणत्व सफल हो जाता है ॥१६॥

'स्त्रियाँ ब्रह्मचारी के लिए दल-दल के समान हैं' इस तथ्य को भली-भाँति जानकर मेधावी साधु उन (स्त्रियों) के द्वारा अपने संयम का घात न होने दे और सदा आत्मस्वरूप की गवेषणा करे ॥१७॥

8. Women Trouble

The ascetic who is well aware of the fact the women are the strongest cause to bind a man; (with the disinclined mood about them-the women) his sageness becomes successful. (16)

'Women are like a swamp for a celibate' knowing this fact fully the wise ascetic should not allow them (the women) to distort his restrain and always he eager to indulge in the inherent qualities of his self. (17)

९–चर्या-परीषह

एग एव चरे लाढे, अभिभूय परीसहे ।
गामे वा नगरे वावि, निगमे वा रायहाणिए ॥१८॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असमाणो चरे भिक्खू, नेव कुज्जा परिग्गहं ।
असंसत्तो गिहत्थेहिं, अणिएओ परिव्वए ॥१९॥

निर्दोष चर्या से विभूषित-प्रशंसित (लाढ) साधु परीषहों पर विजय प्राप्त करके ग्राम में, नगर में, व्यापारिक मंडी में, राजधानी आदि में अकेला ही विचरण करे ॥१८॥

भिक्षु असाधारण (आम आदमी से अलग) होकर विचरण करे। परिग्रह नहीं करे, गृहस्थों के प्रति ममत्व भाव न रखे, उनसे अलिप्त रहे तथा अनिकेत गृह बन्धनों से मुक्त होकर परिभ्रमण करे ॥१९॥

(9) Wandering Trouble

The ascetic should wander about, being victor of all-troubles, in a village, town, market place, a capital etc. (18)

Different from common man, a mendicant should wander about, without any possession, not being attached to house-holders and live without a fixed residence. (19)

१०—निषद्या-परीषह

सुसाणे सुन्नगारे वा, रुक्ख-मूले व एगओ ।
अकुक्कुओ निसीएज्जा, न य वित्तासए परं ॥२०॥
तत्थ से चिट्ठमाणस्स, उवसग्गाभिधारए ।
संका-भीओ न गच्छेज्जा, उट्ठित्ता अन्नमासणं ॥२१॥

श्मशान, सूने घर, तरुमूल में अकेला ही साधु अचपल होकर बैठे, किन्तु किसी अन्य प्राणी को किंचित् भी भयभीत न करे ॥२०॥

यदि उन स्थानों पर (ध्यानस्थ) बैठे साधु को किसी प्रकार का उपसर्ग (मनुष्य-देव-तिर्यंच सम्बन्धी) आ जाये तो उसे समभाव से धारण करे, सहे; अनिष्ट की शंका से भयभीत होकर उस स्थान से उठकर अन्यत्र न जाये ॥२१॥

10. Spot for Sitting, study and meditation

The ascetic should sit down immobile in a funeral place, or a deserted house or beneath a tree, but he should not drive away any one, even a small creature. (20)

If there occurs any difficult position caused by god, men or beast against the ascetic in meditation; he should bear it calmly; but not go to any other safer place. (21)

११—शय्या-परीषह

उच्चावयाहिं सेज्जाहिं, तवस्सी भिक्खु थामवं ।
नाइवेलं विहन्नेज्जा, पावदिट्ठी विहन्नई ॥२२॥
पइरिक्कुवस्सयं लद्धुं, कल्लाणं अदु पावगं ।
'किमेगरायं करिस्सइ', एवं तत्थऽहियासए ॥२३॥

ऊँची-नीची, अच्छी-बुरी शय्या (वसति-उपाश्रय-आश्रय स्थान) पाकर, सर्दी-गर्मी सहन करने में समर्थ तपस्वी भिक्षु हर्ष-खेद करके अपनी संयम मर्यादा का अतिक्रमण न करे। क्योंकि पापदृष्टि (अस्थिरचित्त) साधु ही (हर्ष विषाद करके) मर्यादा का भंग करता है ॥२२॥ (अस्थिर चित्त)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुनि को स्त्री-पशु-नपुंसक की बाधा रहित अच्छा या बुरा–अनुकूल या प्रतिकूल जैसा भी स्थान मिल जाय, उसमें यह सोचकर रह ले कि एक रात में मेरा क्या बिगड़ जायेगा ॥२३॥

11. Bed or Lodge Trouble

A mendicant who does penance and firm in self control will not be effected beyond measure by good or bad, high or low bed (shelter, place etc;) because he is strong enough to bear cold and warm, and having religious outlook, so he never infringes the code of a mendicant. But the ascetic having sinful attitude infringes the code specified for an ascetic. (22)

Getting shelter in vacant (without women, animal and eunuch) house, may it be favourable-disfavourable, good or bad. He may live there thinking–'I have to stay here for a night only, so it matters not. (23)

१२–आक्रोश-परीषह

अक्कोसेज्ज परो भिक्खुं न तेसिं पडिसंजले ।
सरिसो होइ बालाणं, तम्हा भिक्खू न संजले ॥२४॥
सोच्चाणं फरुसा भासा, दारुणा गाम-कण्टगा ।
तुसिणीओ उवेहेज्जा, न ताओ मणसीकरे ॥२५॥

यदि कोई भिक्षु को दुर्वचन कहे तो भी भिक्षु उस पर आक्रोश न करे। क्रोधी तो मूर्ख अज्ञानियों के समान होता है–यह सोचकर कभी क्रोध न करे ॥२४॥

शूल के समान कर्णकटु असत्य, कठोर और कानों में कांटे की तरह चुभने वाला अप्रिय शब्द सुनकर मुनि मौन रहकर उनकी उपेक्षा कर दे। उनके प्रति मन में भी क्रोध न करे ॥२५॥

12. Abuse Trouble

If some one hurls abuse at a mendicant, still the mendicant should not be angry towards him. He (Mendicant) must think that an angry man is like a foolish. So he must not allow anger in his heart. (24)

Hearing the thorn-like harsh, cruel, untruthful and piercing the ears words, monk should give no heed to them, become silent and should not allow the anger even in his mind. (25)

१३–वध-परीषह

हओ न संजले भिक्खू, मणं पि न पओसए ।
तितिक्खं परमं नच्चा भिक्खु-धम्मं विचिंतए ॥२६॥
समणं संजयं दन्तं हणेज्जा कोई कत्थई ।
'नत्थि जीवस्स नासु' त्ति, एवं पेहेज्ज संजए ॥२७॥

लाठी आदि से मारे-पीटे जाने पर भी भिक्षु क्रोध में संतप्त न हो, अपने मन को भी दूषित न करे, क्षमा को साधना का श्रेष्ठ अंग जानकर मुनि-धर्म का चिन्तन करे ॥२६॥

संयमी और इन्द्रियविजयी साधु को यदि कोई व्यक्ति कहीं मारे-पीटे, प्रहार करे, घात करे तो भिक्षु यह विचार करे कि आत्मा का नाश तो होता ही नहीं ॥२७॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

13. Punishment Troble

Beaten by sticks, the mendicant should not burn in anger, nor bear malice in his mind , knowing forgiveness the best part of adeptation, he should deeply think over the monkhood. (26)

If any person hurts to kill a restrained and sense victor ascetic then mendicant thinks--soul does not die, it is beyond death (27)

१४—याचना-परीषह

दुक्करं खलु भो निच्चं, अणगारस्स भिक्खुणो ।
सव्वं से जाइयं होइ, नत्थि किंचि अजाइयं ॥२८॥
गोयरग्गपविट्ठस्स, पाणी नो सुप्पसारए ।
'सेओ अगार-वासु' त्ति, इइ भिक्खू न चिन्तए ॥२९॥

अनगार भिक्षु की यह चर्या सदा से ही कठिन रही है कि उसके पास सभी कुछ याचित होता है, कुछ भी अयाचित नहीं होता ॥२८॥

भिक्षाचर्या के लिए गृहस्थ के घर में प्रविष्ट साधु के लिए उसके समक्ष हाथ फैलाना सरल कार्य नहीं है। अतः भिक्षु यह न सोचे कि 'इससे तो गृहवास (घर में रहना) ही अच्छा है' ॥२९॥

14. Asking Trouble

This is most difficult problem of a homeless mendicant that he has to ask for even the meagre things, he has nothing unasked. (28)

It is very difficult for an ascetic, who has entered a house holder's home for alms, to stretch his hand before him. Hence mendicant should never bring in his mind that household is better than his (mendicant's) life. (29)

१५—अलाभ-परीषह

परेसु घासमेसेज्जा, भोयणे परिणिट्ठिए ।
लद्धे पिण्डे अलद्धे वा, नाणुतप्पेज्ज संजए ॥३०॥
'अज्जेवाहं न लब्भामि, अवि लाभो सुए सिया' ।
जो एवं पडिसंचिक्खे, अलाभो तं न तज्जए ॥३१॥

जब गृहस्थों के घरों में भोजन तैयार हो जाये तब भिक्षु गोचरी हेतु जाय। गृहस्थों से थोड़ा आहार मिले अथवा न भी मिले तो भी भिक्षु खेद न करे ॥३०॥

आज मुझे आहार नहीं मिला तो संभव है कल मिल जाय। इस प्रकार से विचार करने वाले भिक्षु को अलाभ परीषह पीड़ित नहीं करता, वह अलाभ परीषह को विजित कर लेता है ॥३१॥

15. Refusal Trouble

A mendicant should go for seeking a morsel of food when the food has been prepared in a house-holder's home. Whether he gets some quantity of food--not sufficient for his appetite, or he gets no food. In both the positions mendicant should not mind it in any way. (30)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'To-day I could not get food, perhaps tomorrow I can get' Thinking of this pattern, the refusal or non-getting trouble does not overcome the mendicant, he become the victor of this trouble. (31)

१६—रोग-परीषह

नच्चा उप्पइयं दुक्खं, वेयणाए दुहट्टिए ।
अदीणो थावए पन्नं, पुट्ठो तत्थऽहियासए ॥३२॥
तेगिच्छं नाभिनन्देज्जा, संचिक्खऽत्तगवेसए ।
एवं खु तस्स सामण्णं, जं न कुज्जा न कारवे ॥३३॥

अपने कृत-कर्मों के कारण ही रोग उत्पन्न होता है—यह मानकर उस वेदना से मन को व्यथित न होने दे। अपनी बुद्धि को स्थिर-संतुलित रखता हुआ मुनि प्राप्त पीड़ा को समभाव पूर्वक सहन करे ॥३२॥

आत्मा की गवेषणा करने वाला साधु रोग हो जाने पर उसकी (सावद्य) चिकित्सा न करे, न कराये और न अनुमोदन करे, समाधिपूर्वक रहे। यही उसका श्रमणत्व है ॥३३॥

16. Illness Trouble

Definitely consider that ill-ness or disease are the results of my own karmas, which I have accumulated previously or in preceding life or lives—a monk should not let his mind sorrowful due to the agony of disease. With steady mind he should cheerfully bear the affliction of disease. (32)

The self-searching ascetic does not approve the (sinful) treatment of the disease, neither inspires other nor gives accent to those who tries the treatment like this. He remains in peace and meditation. Really it is the code of the sage. (33)

१७—तृण-स्पर्श-परीषह

अचेलगस्स लूहस्स, संजयस्स तवस्सिणो ।
तणेसु सयमाणस्स हुज्जा गाय-विराहणा ॥३४॥
आयवस्स निवाएणं, अउला हवइ वेयणा ।
एवं नच्चा न सेवन्ति, तन्तुजं तण-तज्जिया ॥३५॥

अचेलक (वस्त्र रहित) और रूखे शरीर वाले तपस्वी श्रमण को (शीतकाल में) तृण (घास-पुआल) की शैया पर सोने से, उसके शरीर को उन तृणों की चुभन से पीड़ा होती रहती है ॥३४॥

(ग्रीष्म काल में) सूर्य की प्रचण्ड रश्मियों के कारण भी तपस्वी श्रमण को असह्य वेदना होती है। ऐसा जानकर भी तृणों से पीड़ित मुनि वस्त्र की इच्छा नहीं करते हैं ॥३५॥

17. Pricks Trouble

The rough-bodied and without cloth the penance observer sage when sleeps on the bed of straw-grass in the winter period the tang of the straw pierce his body and cause pain. (34)

In the summer season due to the blazing summer sun the sage-observer of penance also feel the untolerable pain. Knowing such the monk, oppressed by straw-points does not desire the clothes. (35)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८—जल्ल (मल)-परीषह

किलिन्नगाए मेहावी, पंकेण व रएण वा ।
धिंसु वा परितावेण, सायं नो परिदेवए ॥३६॥
वेएज्ज निज्जरा-पेही, आरियं धम्मऽणुत्तरं ।
जाव सरीरभेउ त्ति, जल्लं काएण धारए ॥३७॥

ग्रीष्म ऋतु में पसीने से गीले शरीर पर धूलि कण तथा मैल जम जाते हैं ऐसी स्थिति में भी मेधावी श्रमण साता-सुख के लिए विलाप न करे, व्याकुल न हो ॥३६॥

कर्म क्षय का इच्छुक मुनि मल जनित परीषह को सहन करे। इस श्रेष्ठ अनुत्तर धर्म को पाकर तत्त्वज्ञ मुनि जब तक शरीर न छूटे तब तक इस मैल को धारण करे। उसके प्रति जुगुप्सा न लाये, समभाव से सहन करे ॥३७॥

18. Dirt Trouble

In summer season his body become wet due to sweat and wet body is covered with dirt and dust; but the wise sage does not lament for his loss of comfort and relief. (36)

Having the aim of karma-destruction, the monk should bear this dirt trouble. Obtaining this excellent religion (law) he should carry the fifth on his body till death. He should not hate it (the fifth) and bear with undisturbed mind. (37)

१९—सत्कार-पुरस्कार-परीषह

अभिवायणमब्भुट्ठाणं, सामी कुज्जा निमन्तणं ।
जे ताइं पडिसेवन्ति, न तेसिं पीहए मुणी ॥३८॥
अणुक्कसाई अप्पिच्छे, अन्नाएसी अलोलुए ।
रसेसु नाणुगिज्झेज्जा, नाणुतप्पेज्ज पन्नवं ॥३९॥

राजा, शासक, नेता आदि जो अभिवादन, निमंत्रण, सम्मान आदि करते हैं तथा अन्य तीर्थिक साधु उन्हें स्वीकार करते हैं। लेकिन आत्मार्थी श्रमण ऐसे सत्कार की मन से भी इच्छा न करे ॥३८॥

मंदकषायी, अल्प इच्छा वाला और अज्ञात कुलों से भिक्षा ग्रहण करने वाला, रसादि में लोलुपता न रखने वाला बुद्धिमान श्रमण स्वादु रसों में आसक्ति न करे और (अन्यतीर्थिकों को सत्कार पाते देखकर) मन में किंचित् भी अनुताप न करे ॥३९॥

19. Good and Respectful Treatment Trouble

The kings, rulers, leaders, powerful men salute, invite and honour the hermitages–the followers of other creeds and they accept with cordial delight. But the self-indulgent sage should not have a desire of such salutation or honour, even by the mind. (38)

The sage, with few needs, less passions, getting alms from unknown houses, having no dainties, should not inflict to taste. He should not regret when he visualise that the hermitages–the followers of other creeds are receiving such respects. (39)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२०–प्रज्ञा-परीषह

'से नूणं मए पुव्वं, कम्माणाणफला कडा ।
जेणाहं नाभिजाणामि, पुट्ठो केणइ कण्हुई ॥४०॥'
'अह पच्छा उइज्जन्ति, कम्माणाणफला कडा ।'
एवमस्सासि अप्पाणं, नच्चा कम्मविवागयं ॥४१॥

मैंने निश्चय ही पूर्वजन्म में ज्ञानावरणीय (अज्ञान रूप फल देने वाले) कर्म किये हैं, ऐसे कर्मों का बन्ध किया है। तभी तो किसी के द्वारा (जीवादि तत्वों के विषय में) कुछ भी पूछे जाने पर मैं कुछ उत्तर नहीं दे पाता ॥४०॥

पूर्वकृत अज्ञान रूप फल देने वाले कर्मों (ज्ञानावरणीय–ज्ञान प्रतिबन्धक कर्म) का विपाक होता ही है–ऐसा जान कर अपनी आत्मा को आश्वासित करे ॥४१॥

20. Knowledge (Intelligence) Trouble

In the previous life or lives really I have accumulated knowledge-obscuring karmas. So I can not reply the question (relating soul, non-soul elements) put up before me by anybody. (40)

The fruition is but natural, of preceding knowledge obscuring karmas–believing this maxim, the monk should assure his own self (soul). (41)

२१–अज्ञान-परीषह

'निरट्ठगम्मि विरओ, मेहुणाओ सुसंवुडो ।
जो सक्खं नाभिजाणामि, धम्मं कल्लाण पावगं ॥४२॥'
'तवोवहाणमादाय, पडिमं पडिवज्जओ ।
एवं पि विहरओ मे, छउमं न नियट्टई ॥४३॥'

मुनि ऐसा चिन्तन न करे कि 'मैंने व्यर्थ ही मैथुन आदि इन्द्रिय विषयों और सांसारिक भोगों का त्याग किया; क्योंकि मैं (अभी तक) यह नहीं जान पाता कि धर्म कल्याणकारी (श्रेय) है या पापकारी है ॥४२॥

मैं तप-उपधान आदि का पालन करता हूँ, विशिष्ट प्रतिमाओं को धारण करके भी विचरण करता हूँ; फिर भी मेरे ज्ञानावरणीय आदि कर्मों का क्षय नहीं हुआ–साधक ऐसा भी निराशापूर्ण चिन्तन न करे ॥४३॥

21. Ignorance Trouble

The monk should not think like this–'it is useless that I have desisted from lust–the sensual pleasures, because until this day I could not know whether the religion (the religious rituals I adopted) is auspicious or vicious. (42)

The adept should not give place in his mind such desperate thoughts–though I observe austerities and meditation, practise chain-fast etc., still my knowledge obscuring karmas are not destructed (43)

२२–दर्शन-परीषह

'नत्थि नूणं परे लोए, इड्ढी वि तवस्सिणो ।
अदुवा वंचिओ मि' त्ति, इइ भिक्खू न चिन्तए ॥४४॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'अभू जिणा अत्थि जिणा, अदुवावि भविस्सई ।
मुसं ते एवमाहंसु' इइ भिक्खू न चिन्तए ॥४५॥

निश्चित रूप से परलोक नहीं है और तपस्वियों को ऋद्धि भी प्राप्त नहीं होती है अथवा मैं तो धर्म के नाम पर ठगा गया हूँ--साधु ऐसा चिन्तन न करे ॥४४॥

वर्तमान काल में जिन (अरिहंत देव) हैं, भूतकाल में जिन हुए थे अथवा आगामी काल में जिन होंगे-ऐसा जो कहते हैं, वे मिथ्यावादी हैं; साधु ऐसा विचार न करे ॥४५॥

22. Faith Trouble

Indeed, there is no life to come, nor an exalted state (ऋद्धि) which can be acquired by penances; or I have been deceived by the name of religion--the ascetic should have no thoughts like this. (44)

'Jinas were, are, would be in future, all this is humbug, utter lie.' Mendicant should not think like this. (45)

एए परीसहा सव्वे, कासवेण पवेइया ।
जे भिक्खू न विहन्नेज्जा, पुट्ठो केणइ कण्हुई ॥४६॥

–त्ति बेमि

ये सभी परीषह काश्यप गोत्रीय श्रमण भगवान महावीर ने बताए हैं। इन्हें जानकर, कहीं भी, किसी भी परीषह के उपस्थित होने पर भिक्षु इनसे पराजित न हो, इन सभी परीषहों पर विजय प्राप्त करे ॥४६॥

–ऐसा मैं कहता हूँ ।

All these troubles have been prescribed by *Kāśyapa Gotrīya Śramaṇa Bhagavāna Mahāvīra*. Knowing all these, the mendicant being afflicted by any or many of these troubles at a time, should not be overwhelmed by them but overcome them. (46) **–Such I speak**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष स्पष्टीकरण

गाथा ३–"कालीपव्वंगसंकासे" में "कालीपव्व" का अर्थ–काकजंघा नामक तृणविशेष है (चूर्णि)। डॉ. हर्मन जेकोबी तथा डॉ. सांडेसरा आदि आधुनिक विद्वान इसका अर्थ "कौए की जांघ" करते हैं जो शरीर की अत्यन्त कृशता का सूचक है।

गाथा १३–चूर्णि के अनुसार मुनि जिनकल्प अवस्था में अचेलक रहता है। वृ. वृ. के मतानुसार जिनकल्पी मुनि अचेलक रहते हैं। स्थविरकल्पी भी वस्त्र प्राप्ति के अभाव में अचेलक रह सकता है।

गाथा २५–ग्राम कण्टक–कानों में कांटों के समान चुभने वाले कठोर शब्द (चूर्णि)।

गाथा ३९–चूर्णि के अनुसार "अणुक्कसाई" के दो रूप होते हैं–अणुकषायी–अल्पकषाय वाला और अनुत्कशायी–सत्कार-सम्मान आदि के लिये उत्कंठा न रखने वाला।

गाथा ४३–उपधान–आगमों का विधिवत् अध्ययन करते समय परम्परागत निश्चित विधि के अनुसार जो आयंबिल आदि तप किया जाता है, वह उपधान है. (वृ. वृ.)

Salient Elucidations

Gāthā 3–In the phrase *kālipavvaṅgasaṅkāse* the word *Kālipavva* according to *Curṇi* stands for a particular grass or straw named as *Kākajaṅghā*. But the modern scholars like Dr. Jacobi and Dr. *Sāṇḍesarā* accept it as the leg or thigh of crow. It shows the leanness of body.

Gāthā 13–Monk remains without cloths in *Jinakalpa* tradition (*Cūrṇi*). *Jinakalpī* monks remain without cloths. But *sthavira kalpī* ascetic also may remain clothless, if he does not get robe from house holders.

Gāthā 25–Grāma Kaṇṭaka–Harsh words piercing ears like thorns (*Curṇi*).

Gāthā 39–According to *Cūrṇi* the word *aṇukkasāī* has two forms –(1) *Aṇukaṣāyī*–having a few passions and (2) *Anutkaśāyī*–non-eager for welcome, honour etc.

Gāthā 43–While studying canonical scriptures, according the prescribed method at that time traditionally definite *āyaṁbila* penances are observed, that is *upadhāna*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृतीय अध्ययन : चतुरंगीय

पूर्वालोक

प्रस्तुत अध्ययन में मोक्षप्राप्ति के लिए आवश्यक चार अंगों का विवेचन है; वे अंग हैं–(१) मनुष्यत्व, (२) श्रुति अर्थात्–सद्धर्म का श्रवण (३) श्रद्धा–सुने हुए सद्धर्म पर श्रद्धा (विश्वास) रखना और (४) संयम में वीर्य प्रकट करना, पुरुषार्थ एवं पराक्रम करना।

पिछले द्वितीय अध्ययन परीषह-प्रविभक्ति में साधु-जीवन में आने वाली कठिनाइयों (troubles) का वर्णन किया गया था। किन्तु प्रस्तुत अध्ययन का विषय पूर्व अध्ययन की अपेक्षा अधिक विस्तृत है। पूर्व अध्ययन में सिर्फ साधु चर्या का वर्णन था, और इसमें साधक के सम्पूर्ण जीवन का।

यदि मानव अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों, बाधाओं, विघ्नों, आपत्ति-विपत्तियों से घबराकर पलायनवृत्ति स्वीकार कर ले तो उसका पतन हो जाता है, उसे निम्न योनियों में जन्म ग्रहण करने को विवश होना पड़ता है।

यहाँ मोक्ष-प्राप्ति के लिए आवश्यक चार अंगों (Four essentials for obtaining salvation) का वर्णन किया गया है, जिनमें प्रथम है मनुष्यत्व।

नारक जीव सतत वेदनाओं से पीड़ित रहते हैं और देवता भोग-विलास में मग्न; अतः अति पीड़ा और अति भोग के कारण दोनों को ही धर्म के विषय में सोचने तक का अवकाश ही नहीं मिलता। पंचेन्द्रिय संज्ञी तिर्यंच जीव को शुभकर्मोदयवश योग्य निमित्त मिल जाए तो वह अपनी आत्मा का उत्थान तो कर सकता है परन्तु मुक्ति प्राप्ति योग्य पुरुषार्थ नहीं कर सकता।

केवल मनुष्य ही इस योग्य होता है। मानव योनि प्राप्त होना ही सब कुछ नहीं है। कुछ मानव इन्द्रियहीन, अल्पायु, क्रूरकर्मा, असत्यदृष्टि वाले भी होते हैं। अतः मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रथम आवश्यक अंग–मानवता अथवा मनुष्यत्व है।

According to Niryukti, Cūṃī etc., the background of this chapter is told the mental depression of Gautama Gaṇadhara. The cause of this depression were many happenings.

All those happenings are compiled in the book *Uttarādhayana Mahimā*. Readers are requested to read that book.

The primary cause of Gautama's depression was not attaining supreme knowledge; while many saints adopting monkhood after him attained that. The main cause of non-revealing the supreme knowledge was his pious-love with Bhagawāna Mahāvīra. Therefore Bhagawāna Mahāvīra instantly inspired Gautama to break down all the love-snares in the 28th couplet of this chapter.

The whole chapter endowed with carefulness, constant wakefulness, and practising conduct and knowledge. For faultless and constant adeptation this chapter is full of inspirations.

This chapter contains 37 couplets.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दसमं अज्झयणं : दुमपत्तयं
दशम अध्ययन : द्रुमपत्रक

दुमपत्तए पंडुयए जहा, निवडइ राइगणाण अच्चए ।
एवं मणुयाण जीवियं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१॥

जिस प्रकार रात्रियाँ (समय) बीत जाने पर वृक्ष का पका हुआ पत्ता झड़ जाता है। उसी प्रकार मनुष्य का जीवन है। इसलिये हे गौतम ! क्षण मात्र भी प्रमाद मत करो ॥१॥

With passing nights (time) as the ripened whitish-yellow–fallow leaf of the tree falls down to the ground. The life of man is like this. So Gautama ! do not be careless for even a moment. (1)

कुसग्गे जह ओसबिन्दुए, थोवं चिट्ठइ लम्बमाणए ।
एवं मणुयाण जीवियं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२॥

कुश (घास) के अग्रभाग (नोंक) पर चमकते हुए ओसबिन्दु के समान यह मानव जीवन क्षणिक है। अतः हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥२॥

The life-duration of a man is transient like a dew-drop at the tip of *Kuśa*-grass. Therefore Gautama ! be not negligent even for a moment. (2)

इइ इत्तरियम्मि आउए, जीवियए बहुपच्चवायए ।
विहुणाहि रयं पुरे कडं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३॥

यह अल्पकालीन मनुष्य आयु भी बहुत से विघ्नों से भरी है और इसी में सम्पूर्ण कर्म-रज को झाड़ देना है। इसलिए हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥३॥

This short-termed man-life is full of many hindrances; and in this short life all dust of karmas to be annihilated. So Gautama ! have no negligence even for a moment. (3)

दुल्लहे खलु माणुसे भवे, चिरकालेण वि सव्वपाणिणं ।
गाढा य विवाग कम्मुणो, समयं गोयम ! मा पमायए ॥४॥

संसार के समस्त प्राणियों को चिरकाल से ही मनुष्य-जन्म की प्राप्ति बहुत दुर्लभ रही है और कर्मों का विपाक अत्यन्त सुदृढ़ तथा तीव्र है। इस कारण हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥४॥

To be born as a man, is very difficult over the span of time; and the consequences of karmas are very rigid and intense. So Gautama ! be not careless evern for an instant. (4)

पुढविक्कायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पृथ्वीकाय में उत्पन्न हुआ जीव, उसी काय में पुनःपुनः जन्म-मरण करता हुआ, अधिकतम असंख्यात काल तक पृथ्वीकाय में ही रहता है। अतः हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥५॥

The soul taking birth in earth-body, by continuous births and deaths in that body, remains in the same body utmost upto innumerable span of time. So Gautama ! do not be negligent even for a thousandth part of a second. (5)

आउक्कायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥६॥

जलकाय में उत्पन्न हुआ जीव, उसी काय में बार-बार जन्म-मरण करता हुआ, अधिकतम असंख्यात काल तक रहता है। अतः हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥६॥

The soul, born in water-body, by continuous births and deaths in that body, remains in the same body utmost upto innumerable span of time. So Gautama ! be not careless even for awhile. (6)

तेउक्कायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥७॥

जो जीव तेजस्काय में उत्पन्न होता है, वह उसी काय में बार-बार जन्म-मरण करता हुआ, अधिक से अधिक संख्यातीत-असंख्य काल तक उसी तेजस्काय में रहता है। अतः हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥७॥

The soul takes birth in fire-body, by continuous births and deaths in the same body, remains in that body upto utmost innumerable time period. So Gautama ! have no negligence even for a moment. (7)

वाउक्कायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥८॥

वायुकाय में जो जीव उत्पन्न होता है, वह बार-बार वायुकाय में ही जन्म मरण करता हुआ, अधिक से अधिक असंख्य काल तक उसी वायुकाय में रहता है। अतः हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥८॥

The soul born in air-body, by continuous births and deaths in the same body, remains there utmost upto innumerable time. Hence Gautama ! have no negligence even for a moment. (8)

वणस्सइकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालमणन्तदुरन्तं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥९॥

वनस्पतिकाय में उत्पन्न हुआ जीव, बार-बार जन्म-मरण करता हुआ, उत्कृष्टतः दुरन्त अनन्तकाल तक उसी काय में रहता है। अतः हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥९॥

The soul vegetate as green-stuff–vegetation-body, by continuous births and deaths in the same body, remains in that body utmost upto infinite time which is very difficult to end. Therefore Gautama ! be not negligent even for a moment. (9)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ILLUSTRATION NO. 23 SEE DESCRIPTION ON ILLUSTRATION INDEX PAGE NO. 22



चित्र क्रमांक २३ पृष्ठ ३१ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संसार चक्र



चित्र क्रमांक २४ पृष्ठ ३१ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बेइन्दियकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखिज्जसन्नियं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१०॥

द्वीन्द्रियकाय में उत्पन्न हुआ जीव अधिक से अधिक संख्यातकाल तक उसी काय में रहता है। अतः हे गौतम ! क्षर भर का भी प्रमाद मत करो ॥१०॥

The soul born in two-sensed beings-body inherits in the same body by continuous births and deaths, utmost upto numerable time. So Gautama ! do not be negligent even for a smallest bit of time. (10)

तेइन्दियकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखिज्जसन्नियं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥११॥

त्रीन्द्रियकाय के जीवों की उत्कृष्टतः कायस्थिति संख्यात काल तक की है। अतः हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥११॥

The soul born in three-sensed-beings-body, inherits the same body by continuous births and deaths, utmost upto numerable time. Hence Gautama ! have no negligence even for awhile. (11)

चउरिन्दियकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखिज्जसन्नियं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१२॥

चतुरिन्द्रिय काय में उत्पन्न हुआ जीव अधिक से अधिक संख्यात काल तक उसमें रहता है। अतः हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥१२॥

The soul born in four-sensed-beings-body, inherits in the same body by continuous births and deaths upto utmost numerable period of time. So Gautama ! be not negligent even for a moment. (12)

पंचिन्दियकायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
सत्तट्ठ-भवग्गहणे, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१३॥

पंचेन्द्रियकाय में उत्पन्न हुआ जीव अधिक से अधिक सात या आठ बार तक उसी गति में जन्म-मरण कर सकता है। अतः हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥१३॥

The soul born in five-sensed-beings (men and beasts) may take birth and death only seven or eight times maximumly. So Gautama ! have no negligence even for a moment. (13)

देवे नेरइए य अइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
इक्किक्क भवग्गहणे, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१४॥

देव और नारकी जीव अधिक से अधिक उसी गति में एक बार ही जन्म लेते हैं। अतः हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥१४॥

The hellish-beings and gods may take continuous birth only once in those existences (गति) maximumly. So Gautama ! be not careless even for awhile. (14)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं भव-संसारे, संसरइ सुहासुहेहि कम्मेहिं ।
जीवो पमाय-बहुलो, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१५॥

इस प्रकार प्रमाद की अधिकता वाला जीव, शुभाशुभ कर्मों के कारण जन्म-मरणरूप संसार में परिभ्रमण करता रहता है। अतः हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥१५॥

Thus the soul engrossed by too much negligence, due to auspicious and inauspicious karmas transmigrates in this world full of births and deaths. So Gautama ! be not negligent for even a moment. (15)

लद्धूण वि माणुसत्तणं, आरिअत्तं पुणरावि दुल्लहं ।
बहवे दसुया मिलेक्खुया, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१६॥

मनुष्य जन्म पाने के बाद भी आर्यत्व की प्राप्ति और भी दुर्लभ है क्योंकि बहुत से मनुष्य दस्यु तथा म्लेच्छ भी होते हैं। अतः हे गौतम ! एक क्षण का भी प्रमाद मत करो ॥१६॥

After getting the birth in human existence it is more difficult to attain nobleness (आर्यत्व) because many men are plunderers (दस्यु) and of low plights (म्लेच्छ). Hence Gautama ! be not negligent even for awhile. (16)

लद्धूण वि आरियत्तणं, अहीणपंचिन्दियया हु दुल्लहा ।
विगलिन्दियया हु दीसई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१७॥

आर्यत्व प्राप्ति के उपरान्त भी पाँचों इन्द्रियों की परिपूर्णता प्राप्ति और भी कठिन है; क्योंकि बहुत से आर्य भी परिपूर्ण इन्द्रियों वाले नहीं दिखाई देते। अतः हे गौतम ! समय मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥१७॥

Attaining nobleness or noble origin the attainment of completion of all the five senses is also difficult; because many nobles suffer by imperfect sense-organs. Hence Gautama ! be not negligent for even an instant. (17)

अहीणपंचिन्दियत्तं पि से लहे, उत्तमधम्मसुई हु दुल्लहा ।
कुतित्थिनिसेवए जणे, समयं गोयम! मा पमायए ॥१८॥

पंचेन्द्रिय की परिपूर्णता प्राप्त होने पर भी उत्तम धर्म का श्रवण और भी कठिन है क्योंकि बहुत से मानव कुतीर्थिकों के उपासक होते हैं। अतः हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥१८॥

Obtaining perfect five sense-organs, listening the true religion is more difficult; because many men are worshippers of heretical teachers. Hence Gautama ! have no negligence even for an instant. (18)

लद्धूण वि उत्तमं सुइं, सद्दहणा पुणरावि दुल्लहा ।
मिच्छत्तनिसेवए जणे, समयं गोयम ! मा पमायए ॥१९॥

उत्तम धर्म का श्रवण होने पर भी इस सद्धर्म पर श्रद्धा होना और भी कठिन है क्योंकि बहुत से मनुष्य मिथ्यात्वी भी होते हैं, मिथ्यात्व का सेवन करते हैं। अतः हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥१९॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

On having heard the true religion, it is more difficult to fix faith in it; because many men are false-believers, they practise superstitions. Hence Gautama ! be not negligent even for awhile. (19)

धम्मं पि हु सद्दहन्तया, दुल्लहया काएण फासया ।
इह कामगुणेहिमुच्छिया, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२०॥

उत्तम धर्म पर श्रद्धा होने के उपरान्त भी उसका आचरण करना और भी दुष्कर है; क्योंकि बहुत से श्रद्धावान भी काम-भोगों में आसक्त रहते हैं। इसलिए हे गौतम ! एक क्षण का भी प्रमाद मत करो ॥२०॥

Fixing the faith in true religion, to practise it, is even more difficult; for many men are seen indulged in pleasures and amusements. Hence Gautama ! be not careless even for a moment. (20)

परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पण्डुरया हवन्ति ते ।
से सोयबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२१॥

तुम्हारा शरीर जर्जरित हो रहा है, केश सफेद हो रहे हैं, सुनने की शक्ति कम हो रही है। हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥२१॥

Your body is weakening, your hairs turning whitish, the power of hearing decreasing. Hence Gautama ! be not negligent even for a moment. (21)

परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पण्डुरया हवन्ति ते ।
से चक्खुबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२२॥

तुम्हारा शरीर जीर्ण हो रहा है, सिर के बाल सफेद हो रहे हैं, नेत्र-ज्योति मन्द हो रही है। हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥२२॥

Your body is decaying, your hairs are turning whitish-yellow, your eye-sight is regularly dimming. So Gautama ! be not careless even for an instant. (22)

परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पण्डुरया हवन्ति ते ।
से घाणबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२३॥

तुम्हारा शरीर कमजोर हो रहा है, सिर के केश श्वेत हो रहे हैं, सूँघने की शक्ति घटती जा रही है। हे गौतम ! एक क्षण का भी प्रमाद मत करो ॥२३॥

Your body is declining, your hairs are turning yellowish white, your strength of smelling is waning. So Gautama ! have no neglience even for awhile. (23)

परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पण्डुरया हवन्ति ते ।
से जिब्भ-बले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२४॥

तुम्हारा शरीर परिजीर्ण हो रहा है, केश श्वेत हो रहे हैं, जिह्वा बल-रस लेने और बोलने की शक्ति कम हो रही है। हे गौतम ! एक क्षण का भी प्रमाद मत करो ॥२४॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Your body is weakening, your hairs are turning whitish, your tongue-power, of tasting and speaking is deteriorating. Hence Gautama ! be not negligent even for a moment. (24)

परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पण्डुरया हवन्ति ते ।
से फास-बले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२५॥

तुम्हारा शरीर जर्जरित हो रहा है, केश श्वेत हो रहे हैं, कायबल क्षीण होता जा रहा है। हे गौतम ! क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥२५॥

Your body is declining, your hairs are turning whitish, the strength of your body is declining. So Gautama ! be not careless even for awhile. (25)

परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पण्डुरया हवन्ति ते ।
से सव्वबले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२६॥

तुम्हारा शरीर जीर्ण हो रहा है, केश धवल हो रहे हैं, सभी प्रकार के बल क्षीण हो रहे हैं। हे गौतम ! एक क्षण का भी प्रमाद मत करो ॥२६॥

Your body is weakening, your hairs are turning white, all type of strength is decaying. Therefore Gautama ! have no negligence even for a moment. (26)

अरई गण्डं विसूइया, आयंका विविहा फुसन्ति ते ।
विवडइ विद्धंसइ ते सरीरयं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२७॥

वात या पित्त विकार से होने वाला चित्त का उद्वेग, फोड़ा, विसूचिका (हैजा-वमन) आदि विविध प्रकार के शीघ्रघाती रोगों से तुम्हारा शरीर गिर जाता है, विध्वस्त हो जाता है। अतः हे गौतम ! एक क्षण भर का भी प्रमाद मत करो ॥२७॥

Despondency, boils, cholera, mortal diseases of many kind wrecked your body, so it wastes and befall. Therefore Gautama ! have not negligence even for awhile. (27)

वोछिन्द सिणेहमप्पणो, कुमुयं सारइयं व पाणियं ।
से सव्वसिणेहवज्जिए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२८॥

शरद् ऋतु का चन्द्र विकासी कमल जैसे जल से लिप्त नहीं होता उसी प्रकार तुम भी अपने स्नेह बंधन को तोड़ दो, उसमें लिप्त मत बनो और फिर सभी प्रकार के स्नेहों को त्याग दो। हे गौतम ! इस कार्य में-स्नेह बंधनों को तोड़ने में क्षण भर भी प्रमाद मत करो ॥२८॥

As the moon-bloom autumn lotus does not stick to water flowing around and cast away it. In the same way you broke up all the ties of attachments, do not incline towards them. O Gautama ! take no time in casting aside all connections and be not negligent even for a moment. (28)

चिच्चाण धणं च भारियं, पव्वइओ हि सि अणगारियं ।
मा वन्तं पुणो वि आइए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥२९॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र क्रमांक २५

पृष्ठ ३१ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धन तथा पत्नी को त्यागकर तुम अनगार बने हो, प्रव्रजित हुए हो। उन वमन किये हुए भोगों की पुनः इच्छा मत करो। हे गौतम ! एक क्षण का भी प्रमाद मत करो ॥२९॥

Renouncing wealth and woman you become a houseless monk, do not desire those vomitted pleasures (renounced rejoincings). O Gautama ! be not careless even for a moment. (29)

अवउज्झिय मित्तबन्धवं, विउलं चेव धणोहसंचयं ।
मा तं बिइयं गवेसए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३०॥

मित्र, बान्धव, विपुल धन आदि के संचय का परित्याग कर, पुनः दूसरी बार इन मित्रादि की इच्छा मत करो और उनकी तलाश भी मत करो। हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥३०॥

You have given up your friends, kins, relations and amassed wealth etc. Now again do not desire those friends etc., and not even hanker about them. Gautama ! be not careless even for awhile. (30)

न हु जिणे अज्ज दिस्सई, बहुमए दिस्सई मग्गदेसिए ।
संपइ नेयाउए पहे, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३१॥

आज जिन नहीं दीख रहे हैं और मार्गदर्शकों के भी भिन्न-भिन्न अनेक प्रकार के मत हैं। (भविष्य में साधकों के समक्ष यह कठिन स्थिति उपस्थित होगी।) किन्तु आज-अभी मेरी उपस्थिति में तुम्हें संसार से पार ले जाने में सक्षम न्यायपूर्ण पथ प्राप्त है। अतः हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥३१॥

Today there are no Jinas (victors of attachment and aversion–destroyer of four vitiating karmas) and there are many dogmas of creed-pioneers–in future this difficult position will arise before the adepts) but today-now, in my presence you have acquired the right path, competent for crossing this worldly ocean. So Gautama ! have no negligence even for awhile. (31)

अवसोहिय कण्टगापहं, ओइण्णो सि पहं महालयं ।
गच्छसि मग्गं विसोहिया, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३२॥

कंटक भरे मार्ग को छोड़कर तुम विशाल महापथ–राजमार्ग पर आ गये हो, दृढ़ निश्चय करके इसी पथ पर बढ़े चलो। हे गौतम ! एक क्षण का भी प्रमाद मत करो ॥३२॥

Leaving the thorny path you are now walking on the broad highway. Be firm determined and go ahead on this very path. Gautama ! be not regligent for awhile. (32)

अबले जह भारवाहए, मा मग्गे विसमेवगाहिया ।
पच्छा पच्छाणुतावए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३३॥

शक्तिहीन भारवाहक के समान तुम विषम मार्ग पर मत चले जाना; क्योंकि विषम मार्ग पर चलने वाले भारवाहक और साधक को बाद में पछताना पड़ता है। अतः हे गौतम ! निमेष मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥३३॥

Like a weak burden-bearer do not go on the uneven path; for the adept and burden-bearer, who take uneven path, both lament. Therefore Gautama ! be not uncautious even for awhile. (33)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णो हु सि अण्णवं महं, किं पुण चिट्ठसि तीरमागओ ।
अभितुर पारं गमित्तए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३४॥

तुम संसार रूपी महासागर को पार कर आये हो; किन्तु अब किनारे पर क्यों खड़े रह गये हो? इसे पार करने की शीघ्रता करो। हे गौतम ! क्षणभर का भी प्रमाद मत करो ॥३४॥

You have crossed the great worldly ocean but why you are slacked so near the shore ? Make haste to cross it, reach the other side. Gautama ! do not have negligence even for an instant. (34)

अकलेवरसेणिमुस्सिया, सिद्धिं गोयम लोयं गच्छसि ।
खेमं च सिवं अणुत्तरं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३५॥

तुम अशरीरी सिद्ध पद तक पहुँचाने वाली क्षपक श्रेणी पर आरूढ़ होकर क्षेम अनुत्तर शिव रूप सिद्ध लोक को प्राप्त करोगे। इसलिए हे गौतम ! तुम क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥३५॥

Steadily stepping on the karma-destructing meditative-current-ladder (क्षपक श्रेणी) which is thoroughly capable to attain the bodiless emancipated state. You will obtain the supreme liberation abode. So Gautama ! be not negligent even for a moment. (35)

बुद्धे परिनिव्वुडे चरे, गामगए नगरे व संजए ।
सन्तिमग्गं च बूहए, समयं गोयम ! मा पमायए ॥३६॥

तत्त्वज्ञ, परिनिर्वृत्त–उपशांत और संयम में निरत होकर तुम ग्राम-नगरों में विचरण करके शांति मार्ग को बढ़ाओ, उसका प्रचार-प्रसार करो। हे गौतम ! क्षण मात्र का भी प्रमाद मत करो ॥३६॥

Being enlightened, calm and practising self-control by wandering in villages and towns you propogate. this path of peace. Gautama ! be not negligent for awhile. (36)

बुद्धस्स निसम्म भासियं, सुकहियमट्ठपओवसोहियं ।
रागं दोसं च छिन्दिया, सिद्धिगइं गए गोयमे ॥३७॥

–त्ति बेमि ।

अर्थ और पदों से सुशोभित, सुकथित सर्वज्ञ भगवान महावीर की वाणी को सुनकर तथा राग-द्वेष का छेदन कर गौतम गणधर सिद्धि गति में गये ॥३७॥ **–ऐसा मैं कहता हूँ ।**

Having heard the sermon of omniscient Bhagawāna Mahāvīra, adorned by meaningfulness, cutting off attachment and aversion Gautama attained the liberation abode. (37) **–Such I speak**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एकादश अध्ययन : बहुश्रुतपूजा

पूर्वालोक

प्रस्तुत अध्ययन का नाम बहुश्रुत पूजा (Reverence to learning and learneds) है। बहुश्रुत का अभिप्राय विशिष्ट ज्ञानियों से है। इस अध्ययन में ज्ञानियों की श्रेष्ठता और उनकी महत्ता का वर्णन किया गया है। पूजा का अभिप्राय यहाँ बहुश्रुतों के प्रति बहुमान, भक्ति और मानसिक, वाचिक, कायिक विनम्रता है।

पिछले दसवें अध्ययन द्रुमपत्रक में साधक को अप्रमाद की प्रेरणा दी गई थी और प्रस्तुत अध्ययन में ज्ञानियों की महिमा का उल्लेख है।

बहुश्रुतों की तीन कोटियाँ मानी गई हैं-(१) जघन्य-कम से कम आचार प्रकल्प और निशीथ सूत्र का ज्ञाता हो, (२) मध्यम-वृहत्कल्प और व्यवहार सूत्र का ज्ञाता हो और (३) उत्कृष्ट-नौवें पूर्व की तीन वस्तुओं अथवा दसवें पूर्व का ज्ञाता हो; और १४ पूर्व का धारी सर्वोत्कृष्ट बहुश्रुत होता है।

प्रस्तुत अध्ययन में सर्वप्रथम अबहुश्रुतों के स्वरूप का वर्णन करके बहुश्रुत होने के कारणों का उल्लेख किया गया है। इसका अभिप्राय साधक को बहुश्रुत बनने का दिशा-निर्देश देना है।

आगे अविनीतता के १४ लक्षण दिये गये हैं जो बहुश्रुत बनने में बाधक हैं; साथ ही बहुश्रुत बनने के साधक १५ गुणों का उल्लेख भी किया गया है। तदुपरान्त बहुश्रुत को सूर्य, चन्द्र, कंथक अश्व आदि भौतिक जगत की १५ विशिष्ट वस्तुओं से उपमित करके ज्ञान और ज्ञानी की महत्ता का प्रेरक शब्दों में प्रतिपादन किया गया है।

और अन्त में बहुश्रुतता की फलश्रुति मोक्षगामिता बताई गई है।

यह सम्पूर्ण अध्ययन ज्ञान की महत्ता को प्रतिस्थापित करता है।

प्रस्तुत अध्ययन में ३२ गाथाएँ हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

CHAPTER 11
REVERENCE TO LEARNING AND LEARNEDS

Foreview

The present chapter bears the title 'Reverence to Learning and Learneds. Here the learneds mean the persons having superb knowledge. In this chapter the superiority and greatness of learneds is described. Worship (पूजा) here denotes the reverence, devotion and mental, vocal, bodily modesty towards the learneds.

In the preceding tenth chapter 'Tree Leaf' there was the inspiration of 'Non-negligence' to adept; while in this chapter the greatness of learneds is elaborated.

Three categories of learneds have been mentioned–

(1) He should be aware of 'Ācāra Prakalpa' and Niśītha Sūtra (minimum).

(2) He should be aware of Vṛhatkalpa and Vyavahāra Sūtra.

(3) He should be well-versed in 'three vastus of ninth Pūrva' or 'full tenth Pūrva.'

The supreme learned is he, who has learnt all the fourteen Pūrvas.

In this chapter, first of all, giving the concept of non-learneds, the causes of being learned are described. The aim of this description is to guide the adept for becoming learned.

Further fourteen faults of undisciplined are described, which are the hindrances for becoming learned. Along with, the fifteen virtues, which enhances to become a learned also described.

After this comparing to sun, moon, kanthaka horse etc. the special entities of physical world the greatness of learning and learneds elaborated with emphasis.

In the end the consequences of learning is told attaining liberation.

This full chapter gives emphasis to the greatness of knowledge and learning.

This chapter contains 32 couplets.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इक्कारसमं अज्झयणं : बहुस्सुयपुज्जा
एकादश अध्ययन : बहुश्रुत-पूजा

संजोगा विप्पमुक्कस्स, अणगारस्स भिक्खुणो ।
आयारं पाउकरिस्सामि, आणपुव्विं सुणेह मे ॥१॥

सभी संयोगों से विप्रमुक्त भिक्षाजीवी अनगार के आचार का मैं अनुक्रम से वर्णन करूँगा। उसे मुझसे सुनो ॥१॥

I shall describe in due order the conduct of a quit-home mendicant, who has cut off all the worldly ties, listen to me. (1)

जे यावि होइ निव्विज्जे, थद्धे लुद्धे अणिग्गहे ।
अभिक्खणं उल्लवई, अविणीए अबहुस्सुए ॥२॥

जो विद्याहीन-ज्ञानहीन है अथवा विद्यावान होकर भी अहंकारी है, रसादि विषयों में लोलुप है, इन्द्रिय और मन का निग्रह नहीं करता, बार-बार असंबद्ध बोलता है और अविनीत है–वह अबहुश्रुत है ॥२॥

He who is ignorant of holy scriptures, or egoistic, indulged in pleasures of taste etc., greedy, has no self-control over senses and mind, talks irrelevant again and again and undisciplined, is ill-behaved and devoid of learning. (2)

अह पंचहिं ठाणेहिं, जेहिं सिक्खा न लब्भई ।
थम्भा कोहा पमाएणं, रोगेणाऽलस्सएण य ॥३॥

(१) अभिमान, (२) क्रोध, (३) प्रमाद, (४) रोग और (५) आलस्य–इन ५ कारणों से विद्या की प्राप्ति नहीं होती ॥३॥

(1) Pride, (2) anger (3) negligence (4) idleness and (5) illness–these five causes obstruct to obey the instructions which are helpful in learning. (3)

अह अट्ठहिं ठाणेहिं, सिक्खासीले त्ति वुच्चई ।
अहस्सिरे सया दन्ते, न य मम्ममुदाहरे ॥४॥

इन ८ कारणों से व्यक्ति शिक्षाशील कहा जाता है–(१) अमर्यादित हँसी–मजाक नहीं करना, (२) शान्त-दान्त रहना, (३) किसी का मर्म प्रकाशित नहीं करना ॥४॥

By eight factors a man (disciple) is called well-versed–(1) not to be fond of over-limit laughs and jokes (2) to be ever controlled (3) not to make fuss the secret of others. (4)

नासीले न विसीले, न सिया अइलोलुए ।
अकोहणे सच्चरए, सिक्खासीले त्ति वुच्चई ॥५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४) सर्वथा शील रहित न होना, (५) विकृत शील वाला न होना, (६) अतिलोलुपी–रस लंपट न होना, (७) अत्यधिक क्रोधी न होना तथा (८) सदा सत्य में अनुरक्त रहना ॥५॥

(4) not to be averse to discipline; (5) nor to be perverse to discipline; (6) not to be covetuous; (7) not to be choleric and; (8) to be fixed in truth. (5).

अह चउदसहिं ठाणेहिं, वट्टमाणे उ संजए ।
अविणीए वुच्चई सो उ, निव्वाणं च न गच्छइ ॥६॥
अभिक्खणं कोही हवइ, पबन्धं च पकुव्वई ।
मेत्तिज्जमाणो वमइ, सुयं लद्धूण मज्जई ॥७॥
अवि पावपरिक्खेवी, अवि मित्तेसु कुप्पई ।
सुप्पियस्सावि मित्तस्स, रहे भासइ पावगं ॥८॥
पइण्णवाई दुहिले, थद्धे लुद्धे अणिग्गहे ।
असंविभागी अचियत्ते, अविणीए त्ति वुच्चई ॥९॥

चौदह स्थानों–दोषों से युक्त व्यवहार करने वाला संयमी साधु अविनीत कहा जाता है और वह मुक्ति प्राप्त नहीं कर सकता ॥६॥

(१) जो बार-बार क्रोध करता है। (२) दीर्घकाल तक क्रोध करता रहता है। (३) मित्रता किये जाने पर भी उसे ठुकरा देता है। (४) श्रुतज्ञान को उपलब्ध करके उसका अभिमान करता है। ॥७॥

(५) स्खलना होने पर आचार्यादि का तिरस्कार करता है। (६) मित्रों पर भी कुपित होता है। (७) अतिप्रिय मित्र के भी एकान्त में अवगुणवाद बोलता है ॥८॥

(८) असम्बद्ध प्रलाप करता है। (९) द्रोही है। (१०) अभिमानी है। (११) आहार में लुब्ध है। (१२) मन और इन्द्रियों का निग्रह नहीं करता। (१३) असंविभागी है। (१४) अप्रीतिकर है।

वह अविनीत कहा जाता है ॥९॥

The restrained ascetic, if his behaviour is mixed with 14 faults, he is called undisciplined and cannot attain liberation, The 14 faults are as following–(6)

(1) who often loses his temper; (2) who persevers in wrath; (3) who spurns friendship; (4) who is pround of his scriptural knowledge. (7)

(5) Who disgraces the preceptors etc., for their petty slips; (6) to be angry with friends ; (7) to speak ill of most dear friend in his absence. (8)

(8) who talks irrelvant; (9) malicious; (10) proudy; (11) greedy of food; (12) does not control his senses and mind; (13) not shares with his fellow ascetics; (14) obnoxious.

He is called ill-behaved and undisciplined. (9)

अह पन्नरसहिं ठाणेहिं, सुविणीए त्ति वुच्चई ।
नीयावत्ती अचवले, अमाई अकुऊहले ॥१०॥
अप्पं चाऽहिक्खिवई, पबन्धं च न कुव्वई ।
मेत्तिज्जमाणो भयई, सुयं लद्धुं न मज्जई ॥११॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

न य पावपरिक्खेवी, न य मित्तेसु कुप्पई ।
अप्पियस्सावि मित्तस्स, रहे कल्लाण भासई ॥१२॥
कलह-डमरवज्जए, बुद्धे अभिजाइए ।
हिरिमं पडिसंलीणे, सुविणीए त्ति वुच्चई ॥१३॥

पन्द्रह स्थानों–गुणों से सुविनीत कहा जाता है–

(१) नम्रता। (२) अचपलता-स्थिरता। (३) दम्भ का अभाव–सरलता। (४) अकौतुहलत्व–गंभीरता–॥१०॥

(५) किसी की निन्दा न करना। (६) लम्बे समय तक क्रोध न करते रहना। (७) मित्रों के प्रति कृतज्ञता। (८) श्रुत-प्राप्ति होने पर भी अहंकार नहीं करना–॥११॥

(९) स्खलना होने पर भी उसका तिरस्कार न करना। (१०) मित्रों पर क्रोध न करना। (११) अप्रिय मित्र के प्रति भी एकान्त में उसके कल्याण की बात कहना–॥१२॥

(१२) वाक्कलह और मार-पीट न करना। (१३) अभिजात्यता–कुलीनता (शालीनता)। (१४) लज्जाशीलता। (१५) प्रतिसंलीनता–आत्मलीनता।

इन १५ गुणों को धारण करने वाला साधु सुविनीत होता है ॥१३॥

By fifteen virtuous qualities an adept called well-behaved. These qualities are–

(1) modesty; (2) stability; (3) simplicity; (4) free from curiosity–soberness. (10)

(5) abuses no body; (6) not persevering wrath for long time; (7) gratefulness towards friends; (8) unproudy of learning (knowledge). (11)

(9) not disgraces the preceptors etc., for their petty slips; (10) no anger with friends; (11) to speak well even of a undear friend in his absence. (12)

(12) to abstain from quarrels and rows; (13) politeness; (14) shyness; (15) fixing himself in his own soul (calm).

The ascetic who possesses these fifteen virtuous qualities called well-behaved–disciplined. (13)

वसे गुरुकुले निच्चं, जोगवं उवहाणवं ।
पियंकरे पियंवाई, से सिक्खं लद्धुमरिहई ॥१४॥

सदा गुरुकुल–गुरुजनों की सेवा में रहने वाला, योग उपधान–शास्त्र-स्वाध्याय संबंधी तप करने वाला तथा प्रिय करने वाला और प्रिय बोलने वाला साधु शिक्षा-प्राप्ति के योग्य होता है ॥१४॥

Who always lives in the service of preachers and observes the penances which are prescribed with studying holy scriptures, sweet speaking and doing agreeable is worth to receive instructions. (14)

जहा संखम्मि पयं निहियं दुहओ वि विरायइ ।
एवं बहुस्सुए भिक्खू, धम्मो कित्ती तहा सुयं ॥१५॥

जिस प्रकार शंख में रखा हुआ दूध स्वयं अपने और अपने आधार को सुशोभित करता है, उसी प्रकार श्रुत भिक्षु में धर्म, कीर्ति और श्रुत भी अपने और अपने आधार से सुशोभित होते हैं, मल और विकार दूर रहते हैं ॥१५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

As the milk filled in conch-shell shines itself and its base (the conch-shell) so the religion, fame, piety and scriptural knowledge shine, being devoid of filth and defect, in a learned mendicant. (15)

जहा से कम्बोयाणं, आइण्णे कन्थए सिया ।
आसे जवेण पवरे, एवं हवइ बहुस्सुए ॥१६॥

जैसे कम्बोज देश के घोड़ों में कन्थक अश्व, जाति एवं वेग में श्रेष्ठ होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत श्रेष्ठ होता है ॥१६॥

As a trained kamboja horse exceeds all other horses in speed, so the learned exceeds all others. (16)

जहाऽऽइण्णसमारूढे, सूरे दढपरक्कमे ।
उभओ नन्दिघोसेणं, एवं हवइ बहुस्सुए ॥१७॥

जिस प्रकार आकीर्ण–जातिमान् अश्व पर सवार दृढ़ पराक्रमी शूर-वीर दोनों ओर के नन्दीघोषों–जय-जयकारों से सुशोभित होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत भी सुशोभित होता है ॥१७॥

As a valiant hero with firm valour bestriding a trained horse, flank by heralds singining merrily, both the opposites and his side; just like is the learned mendicant. (17)

जहा करेणुपरिकिण्णे, कुंजरे सट्ठिहायणे ।
बलवन्ते अप्पडिहए, एवं हवइ बहुस्सुए ॥१८॥

जिस प्रकार हथिनियों से परिवृत साठ वर्ष का शक्तिशाली हाथी किसी अन्य हाथी से पराजित नहीं होता; उसी प्रकार बहुश्रुत भी अपराजित रहते हैं ॥१८॥

Just as a strong and irresistible elephant of sixty years, surrounded by its females, never winned by other elephant ; so is the deep learned sage. (18)

जहा से तिक्खसिंगे, जायखन्धे विरायई ।
वसहे जूहाहिवई, एवं हवइ बहुस्सुए ॥१९॥

जिस तरह तीखे सींगों और बलिष्ठ स्कन्धों वाला, गौसमूह का अधिपति, वृषभ सुशोभित होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत भी शोभायमान होते हैं ॥१९॥

As an ox with pointed horns and strong humps, the leader of its herd–the group of cows, seems graceful; so is the learned sage. (19)

जहा से तिक्खदाढे, उदग्गे दुप्पहंसए ।
सीहे मियाण पवरे, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२०॥

जैसे तीक्ष्ण दाढ़ों वाला, पूर्ण युवा और दुर्जेय सिंह वन्य पशुओं में प्रधान होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत भी होता है ॥२०॥

As a young lion full of strength and having sharp fangs, unconquerable by any other power, becomes chieftain of all wild-beasts; so is the very learned sage. (20)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहा से वासुदेवे, संख-चक्क-गयाधरे ।
अप्पडिहयबले जोहे, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२१॥

जिस प्रकार शंख, चक्र, और गदा आयुधों को धारण करने वाला वासुदेव अप्रतिहत बलशाली योद्धा होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत भी होता है ॥२१॥

As the possessor of conch-shell (शंख) discus (चक्र) club (गदा) weapons the Vāsudeva is an unconquerable warrior; so is the very deep learned sage. (21)

जहा से चाउरन्ते, चक्कवट्टी महिड्ढिए ।
चउद्दसरयणाहिवई, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२२॥

जिस प्रकार चारों दिशाओं के अन्त तक का स्वामी, महर्द्धिक, चौदह रत्नों का अधिपति चक्रवर्ती सम्राट होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत भी चौदह पूर्वों के ज्ञान का धारक होता है ॥२२॥

As the universal monarch (really the ruler of six regions of Bhārat) (चक्रवर्ती) is the ruler upto the end of all the four directions, exalted, master of 14 gems; so is the deep learned sage possessor of the knowledge of 14 pūrvas. (22)

जहा से सहस्सक्खे, वज्जपाणी पुरन्दरे ।
सक्के देवाहिवई, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२३॥

जिस प्रकार सहस्रचक्षु, वज्रपाणि, पुरन्दर शक्रेन्द्र देवों का अधिपति होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत भी दिव्य ज्ञान का अधिपति होता है ॥२३॥

As the thousand-eyed, thunderbolt in hand, destroyer of fortresses, king of gods is Śakra; so the very deep learned sage is the master of holy scriptural knowledge. (23)

जहा से तिमिरविद्धंसे, उत्तिट्ठन्ते दिवायरे ।
जलन्ते इव तेएण, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२४॥

जिस प्रकार अन्धकार का नाश करने वाला, उदय होता हुआ सहस्ररश्मि दिवाकर अपने तेज से जाज्वल्यमान प्रतीत होता है उसी प्रकार बहुश्रुत भी तेजस्वी होता है ॥२४॥

As the rising sun, the dispeller of darkness, with thousand rays, fiery with its lustre; so the very learned sage is also lustrous. (24)

जहा से उडुवई चन्दे, नक्खत्त-परिवारिए ।
पडिपुण्णे पुण्णमासीए, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२५॥

जैसे तारागणों का अधिपति चन्द्रमा नक्षत्रों से परिवृत पूर्णिमा को अपनी परिपूर्ण ज्योत्स्ना से प्रकाशित होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत भी होता है ॥२५॥

As the moon, the head of stars, surrounded by asterisms, manifests its full light in the full moon night; so is the deep learned sage. (25)

जहा से सामाइयाणं, कोट्ठागारे सुरक्खिए ।
नाणाधन्नपडिपुण्णे, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२६॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसे सामाजिकों-किसान, व्यापारियों का भण्डार सुरक्षित एवं विभिन्न प्रकार के धान्यों से भरा-पूरा रहता है उसी तरह बहुश्रुत भी अनेक प्रकार के श्रुत से परिपूर्ण होता है ॥२६॥

As the store-houses of farmers and merchants (traders) well-guarded and filled with various types of grains; so the learned sage is full of many kinds and branches of learning and knowledge. (26)

जहा सा दुमाण पवरा, जम्बू नाम सुदंसणा ।
अणाढियस्स देवस्स, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२७॥

जिस प्रकार अनाधृत देव का निवास स्थान सुदर्शन जम्बू वृक्ष सभी वृक्षों में श्रेष्ठ होता है, उसी प्रकार बहुश्रुत भी श्रेष्ठ होता है ॥२७॥

As the abode of Anādhṛtra deity, the Jambū tree is the best of all trees; so the learned sage is supreme of all. (27)

जहा सा नईण पवरा, सलिला सागरंगमा ।
सीया नीलवन्तपवहा, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२८॥

जिस प्रकार नीलवंत वर्षधर पर्वत से निकली, सदैव जल से परिपूर्ण, सागर में मिलने वाली सीता नदी अन्य नदियों से श्रेष्ठ है उसी प्रकार बहुश्रुत भी सर्वश्रेष्ठ होता है ॥२८॥

As the Sītā river arising from Nīlavanta Varṣadhara mountain and flowing upto ocean, always filled with water is the best river in comparison to other rivers; so is the deep learned supreme. (28)

जहा से नगाण पवरे, सुमहं मन्दरे गिरी ।
नाणोसहिपज्जलिए, एवं हवइ बहुस्सुए ॥२९॥

जैसे अनेक प्रकार की औषधियों से दीप्त, महान मन्दरगिरि-मेरु पर्वत सभी पर्वतों में श्रेष्ठ माना जाता है उसी तरह बहुश्रुत भी श्रेष्ठ माना जाता है ॥२९॥

As the Mandara Giri--the mountain Meru, lustrous with many kinds of plants and herbs, accepted as the best of all mountains; so is the very best the learned sage. (29)

जहा से सयंभूरमणे, उदही अक्खओदए ।
नाणारयणपडिपुण्णे, एवं हवइ बहुस्सुए ॥३०॥

जिस प्रकार अक्षय जल से भरा-पूरा तथा अनेक रत्नों से परिपूर्ण स्वयंभूरमण समुद्र श्रेष्ठ है उसी प्रकार बहुश्रुत भी श्रेष्ठ ज्ञान रत्नों से परिपूर्ण होता है ॥३०॥

As the Swayambhū ramaṇa ocean, filled with inexhaustible water and full of many kinds of jewels and precious stones; so the best learned sage is full of various types of knowledge-jewels. (30)

समुद्दगम्भीरसमा दुरासया, अचक्किया केणइ दुप्पहंसया ।
सुयस्स पुण्णा विउलस्स ताइणो, खवित्तु कम्मं गइमुत्तमं गया ॥३१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सागर जैसे गम्भीर, कष्टों से अबाधित (दुरासद), किसी से भी पराजित न होने वाले, अविचलित, विपुल श्रुतज्ञान से परिपूर्ण, छह काय के रक्षक, बहुश्रुत कर्मों का क्षय करके उत्तम गति को प्राप्त करते हैं ॥३१॥

The best learneds, deep like ocean, unobstructed by difficulties, cannot be overcome by any body, daunt, enormously filled by holy scriptural knowledge, protector of all the living beings of world–those learneds attain the best existence i. e., liberation, destroying all the karmas. (31)

तम्हा सुयमहिट्ठिज्जा, उत्तमट्ठगवेसए ।
जेणऽप्पाणं परं चेव, सिद्धिं संपाउणेज्जासि ॥३२॥

–त्ति बेमि ।

इसलिए उत्तम अर्थ के गवेषक, मोक्ष की इच्छा रखने वाले मुमुक्षु श्रुत का अध्ययन करें जिससे वे स्वयं भी मुक्त हो सकें तथा अन्यों को भी सिद्धि–मुक्ति प्राप्त करा सकें ॥३२॥ –ऐसा मैं कहता हूँ ।

Therefore the seekers of the best truth, having the wish of salvation–the liberation-willers (मुमुक्षु) study the holy scriptures, so that they may attain liberation themselves and be helpful to others for getting salvation. (32) –**Such I Speak**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष स्पष्टीकरण

गाथा २१–वासुदेव के शंख का नाम पाञ्चजन्य, चक्र का सुदर्शन और गदा का नाम कौमोदकी है। लोहे के दण्डविशेष को गदा कहते हैं। (बृ. वृ.)

गाथा २२–जिसके राज्य के उत्तर सीमान्त परिदिगन्त में हिमवान् पर्वत और शेष तीन दिगन्तों में समुद्र हो, वह "चातुरन्त" कहलाता है।

चक्रवर्ती के १४ रत्न इस प्रकार हैं–(१) सेनापति (२) गाथापति (३) पुरोहित (४) गज, (५) अश्व (६) मनचाहा भवन का निर्माण करने वाला वर्द्धकि अर्थात् बढ़ई (७) स्त्री (८) चक्र (९) छत्र (१०) चर्म (११) मणि (१२) जिससे पर्वत शिलाओं पर लेख या मण्डल अंकित किये जाते हैं, वह काकिणी (१३) खड्ग और (१४) दण्ड। (बृ. वृ.) (चित्र देखें)

गाथा २३–इन्द्र के सहस्राक्ष और पुरन्दर नाम वैदिक पुराणों के कथानकों पर आधारित हैं। इन्द्र के पाँच सौ देव मन्त्री होते हैं। राजा मन्त्री की आँखों से देखता है, अर्थात् उनकी दृष्टि से अपनी नीति निर्धारित करता है, इसलिये इन्द्र सहस्राक्ष है। दूसरा अर्थ है जितना हजार आँखों से दीखता है, इन्द्र उससे अधिक अपनी दो आँखों से देख लेता है, इसलिये वह सहस्राक्ष है। "जं सहस्सेण अक्खाणं दीसति, तं सो दोहि अक्खीहिं अब्भहियतरागं पेच्छति"–चूर्णि।

Salient Elucidations

Gāthā 21–The names of Vāsudeva's weapons are–the conch-shell (शंख) is called as Pāñcajanya (पांचजन्य), the discus or wheel weapon (चक्र) is Sudarśana (सुदर्शन) and club (गदा) weapon is Kaumodakī (कौमोदकी). Club is a weapon–an iron rod. (*V. V.*)

Gāthā 22–The Himavāna mountain ascertains the north direction of whose sujreignty the remaining three directions–east, west, south are determined by sea or ocean that is called Cāturanta.

The 14 jewels (or utmost important possessions) of a world-sovereign (really the ruler of six regions of Bhārata) are–

(1) Chief of army (commander-in-chief) (2) Gāthāpati (3) Priest (4) Elephant (5) Horse (6) Carpenter who can make the hosue as wished (7) Woman–chief queen (8) discus or wheel weapon (9) umbrella (छत्र) (10) charma (चर्म) (11) Kākiṇi–by this the scripts on mountain-rocks and circles are embossed or scorched (12) jewel (मणि) (13) sword and (14) rod (*V. V.*) See illustration.

Gāthā 23–The two names of king of gods–thousand-eyed and destroyer of fortresses are based on vaidic purāṇas. King of gods has five hundred ministers. The king sees by the eyes of ministers, meaning, he frames his policy, so king of gods is called thousand-eyed.

The other interpretation–As much can be viewed by thousand eyes, the king of gods can see much more than it by his two eyes, hence he is thousand-eyed, *Jaṁ sahasseṇa akkhāṇaṁ dīsati, taṁ so dohi akkhīhiṁ abbhahiyatarāṅg pecchati. (Cūrni)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वादश अध्ययन : हरिकेशीय

पूर्वालोक

प्रस्तुत अध्ययन का नाम इसके प्रमुख पात्र हरिकेशबल के नाम पर प्रसिद्ध हुआ है।

पिछले बहुश्रुत पूजा अध्ययन में बहुश्रुत की तेजस्विता का वर्णन किया गया है और प्रस्तुत अध्ययन में बहुश्रुत तथा शुद्ध श्रमणधर्म का पालन करने वाले मुनि हरिकेशबल की तेजस्विता और विशिष्ट प्रभावशालिता का वर्णन बड़े ही रोमांचक और चमत्कारी ढंग से प्रतिपादित हुआ है।

मुनि हरिकेशबल के चाण्डाल कुल में जन्म, पूर्व-जन्म तथा इस जन्म की विशिष्ट घटनाएँ, श्रमणत्व धारण और पालन आदि के संबंध में जिज्ञासा होनी भी स्वाभाविक है और उनकी तेजस्विता के लिए इन घटनाओं को जानना भी आवश्यक है।

कथासूत्र–

संक्षेप में हरिकेशबल से संबंधित घटनाएँ इस प्रकार हैं–

मथुरानरेश राजा शंख संसार से विरक्त हुए। उन्होंने उग्र तप किया। तप के प्रभाव से अनेक विशिष्ट लब्धियाँ उन्हें प्राप्त हो गईं।

ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए वे हस्तिनापुर पधारे। भिक्षा के लिए नगर की ओर चले। नगर-प्रवेश के दो मार्ग थे। उनमें से एक मार्ग पर लोगों को आते-जाते न देखकर शंख-मुनि विचार में पड़ गये। एक व्यक्ति को उसके घर के बाह्य भाग में बैठा देखकर उससे नगर प्रवेश का मार्ग पूछा।

वह व्यक्ति ब्राह्मण सोमदत्त था। सोमदत्त जात्यभिमान से ग्रसित और श्रमणद्वेषी था। उसने गलत मार्ग बताते हुए कहा–"यह मार्ग निकट का है। आप शीघ्र ही नगर में पहुँच जायेंगे।"

तपस्वी मुनि उसी मार्ग पर चल दिये।

वास्तविकता यह थी कि उस मार्ग का नाम 'हुताशन' अथवा 'हुतवह रथ्या' था। वह मार्ग अग्नि की भाँति गरम रहता था, उस पर चलना कठिन था; लेकिन ग्रीष्म काल में तो वह तपे हुए तवे की भाँति जलता था।

सोमदत्त ने शंख मुनि को वह मार्ग द्वेषवश बताया था; लेकिन जब उसने देखा कि मुनि तो गजगति से उस मार्ग पर शांतिपूर्वक चले जा रहे हैं तो वह चकित हुआ। उसने स्वयं उस मार्ग पर चलकर देखा तो उसे वह मार्ग हिम के समान शीतल लगा। वह समझ गया कि ये विशिष्ट लब्धिधारी मुनि हैं, इनके तपःप्रभाव से यह उष्ण मार्ग शीतल हो गया है।

चमत्कार को नमस्कार करता हुआ ब्राह्मण सोमदत्त शीघ्र ही शंख मुनि के पास पहुँचा और अपने अपराध की क्षमा माँगने लगा।

जैन श्रमण तो क्षमावीर होते ही हैं, क्षमा कर दिया। साथ ही सोमदत्त की जिज्ञासा पर धर्म का उपदेश भी दिया। उपदेश से प्रतिबुद्ध होकर सोमदत्त दीक्षित हो गया, तपस्या करने लगा; लेकिन जात्यभिमान और रूपमद करता ही रहा। अन्त समय तक भी वह जाति-मद के चंगुल से छूट नहीं सका। चारित्र-पालन के परिणामस्वरूप आयु पूर्ण कर वह देव बना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवायु पूर्ण कर वह मृतगंगा के किनारे हरिकेश गोत्रीय चाण्डालों के अधिपति 'बलकोट्ट' नामक चाण्डाल की पत्नी गौरी के गर्भ से पुत्र रूप में उत्पन्न हुआ। उसका नाम 'बल' रखा गया।

यही बालक आगे चलकर हरिकेशबल कहलाया।

पूर्वजन्म में किये गये जातिमद और रूपमद के कारण उसका जन्म चाण्डालकुल में हुआ तथा उसका शरीर भी काला-कलूटा, बेडौल और कुरूप था। ज्यों-ज्यों वह बड़ा हुआ उसके स्वभाव में उग्रता बढ़ती गई। क्रोधी, झगड़ालू और कटुभाषी बन गया। शरीर की कुरूपता और स्वभाव की उग्रता–करेला और नीम चढ़ा वाली कहावत चरितार्थ हो गई। बस्ती के सभी लोगों, साथी बालकों और यहाँ तक कि माता-पिता की आँखों में भी कण्टक सा खटकने लगा।

एक बार बस्ती के सभी लोग उद्यान में वसन्तोत्सव मना रहे थे। बालक खेल रहे थे। हरिकेशबल ने उनके साथ खेलने का प्रयत्न किया तो खेल में किसी बात पर क्रुद्ध होकर वह अपशब्द बोलने लगा, गाली बकने लगा तो अन्य बालकों ने उसे निकाल दिया। वह उपेक्षित-सा एक ओर बैठ गया।

सभी लोग खुशियाँ मना रहे थे और हरिकेशबल अकेला बैठा उन्हें घूर रहा था।

तभी एक विषधर सर्प निकला। लोगों ने उसे बैंत-लाठियों से उसी क्षण मार दिया। कुछ समय बाद एक निर्विष सर्प (दुमुही–अलसिया) निकला। उसे देखकर लोगों ने कहा–'अरे यह तो विष रहित है, किसी को काटता नहीं। इसे मारने से क्या लाभ ? पकड़कर दूर छोड़ आओ।' और कुछ लोग उस निर्विष सर्प को दूर छोड़कर पुनः उत्सव क्रीड़ा में निमग्न हो गये।

हरिकेशबल भी इस घटना को देख रहा था। उसका विचार-प्रवाह बहने लगा–प्राणी अपने ही दोषों के कारण दुःख पाता है, समाज का तिरस्कार सहता है। लोगों ने विषधर सर्प को मार दिया और विषहीन को नहीं मारा। मैं भी अपनी कड़वी जुबान और दुर्व्यवहार के कारण उपेक्षित बना हुआ हूँ। यदि इन दोषों को छोड़ दूँ तो सबका प्रिय बन जाऊँ। लेकिन मुझमें ये दोष आये ही क्यों? इसका क्या कारण है.....

यों सोचते-सोचते हरिकेशबल का चिन्तन गहरा हुआ। उसे जातिस्मरण ज्ञान हो गया। पूर्व के दो जन्म (सोमदत्त विप्र और स्वर्ग के देव भव) उसके स्मृति पटल पर चलचित्र के समान तैर गये।

उसी क्षण उसे संसार और सांसारिक संबंधों तथा भोगोपभोगों से विरक्ति हो गई, निम्न कुल में जन्म होने का तथा कुरूपता एवं उग्र स्वभावी होने का कारण भी ज्ञात हो गया।

वह वहाँ से उठकर चल दिया। किसी श्रमण के पास पहुँचकर भागवती दीक्षा ग्रहण कर ली। शुद्ध श्रामण्य–मुनिधर्म का पालन करने लगा। चाण्डाल हरिकेशबल अब मुनि हरिकेशबल बनकर ग्रामानुग्राम विहार करने लगे। उनकी तपश्चर्या इतनी उच्चकोटि पर पहुँच गई कि देवता भी उन्हें नमन करने लगे, पूज्य और आराध्य मानने लगे तथा सेवा में तत्पर रहने लगे।

ग्रामानुग्राम विहार करते हुए वे वाराणसी नगरी में आये। उद्यान में अवस्थित यक्षमन्दिर में मासखमण की प्रतिज्ञा धारण कर कायोत्सर्ग में लीन हो गये। उनके उत्कट तप के प्रभाव से प्रभावित यक्षराज तिन्दुक उन्हें अपना आराध्य मानने लगा।

किसी दिन नगरनरेश कौशलिक की पुत्री भद्रा अपनी सखियों सहित यक्ष की पूजा के लिए यक्षमन्दिर में आई। यक्ष-प्रतिमा की प्रदक्षिणा करते हुए उसकी दृष्टि एक वृक्ष के नीच खड़े कायोत्सर्ग-लीन मुनि हरिकेशबल पर पड़ी। मुनि की कुरूपता, मलिन शरीर और वस्त्रों को देखकर राजकुमारी भद्रा का हृदय घृणा से भर गया। ग्लानि में भरकर उसने मुनि के मुँह पर थूक दिया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ILLUSTRATION NO. 28 SEE DESCRIPTION ON ILLUSTRATION INDEX PAGE NO. 24

चित्र क्रमांक २८ पृष्ठ ३१ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ILLUSTRATION NO. 29 SEE DESCRIPTION ON ILLUSTRATION INDEX PAGE NO. 24

चित्र क्रमांक २९ पृष्ठ ३१ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपने आराध्य मुनि का यह अपमान तिन्दुक यक्ष न सह सका। तुरन्त राजकुमारी भद्रा के शरीर में प्रविष्ट हो गया। यक्षाविष्ट राजकुमारी भद्रा अण्ट शण्ट बोलती और अनर्गल चेष्टाएँ करती हुई बेहोश हो गई। सखियाँ किसी तरह उसे राजमहल में ले गईं।

राजा ने पुत्री के बहुत उपचार कराये किन्तु कोई लाभ न हुआ। राजा अपनी पुत्री के जीवन के लिए चिन्तित हो गया। तब राजकुमारी के शरीर में प्रविष्ट यक्ष ने कहा–

"राजन् ! तुम कितने भी उपचार करा लो, कोई लाभ नहीं होगा। इसने मेरे मन्दिर में ध्यानलीन एक घोर तपस्वी महामुनि का अपमान कर दिया है। उसका फल चखाने के लिए ही मैंने इसकी यह दशा की है। यदि तुम उन महामुनि के साथ इसका विवाह करो तो मैं इसे छोड़ सकता हूँ अन्यथा इसे जीवित नहीं रहने दूँगा।"

पिता को पुत्री प्रिय होती ही है। राजा ने यक्ष की शर्त स्वीकार करली। यक्ष राजकुमारी के शरीर से निकल गया। राजकुमारी स्वस्थ हो गई।

राजा अपनी पुत्री को साथ लेकर तिन्दुक यक्ष के आयतन में पहुँचा। पिता ने अपनी पुत्री के अपराध के लिए क्षमा माँगी और करबद्ध होकर तथा भद्रा को सामने करके प्रार्थना की–भगवन् ! इस कन्या ने आपका बहुत बड़ा अपराध किया है। इसका प्रायश्चित्त यही है कि आप इसके साथ पाणिग्रहण करें और यह कन्या परिचारिका के रूप में आपकी सेवा करे।

मुनि हरिकेशबल ने कहा–राजन् ! न तो इस कन्या ने मेरा कोई अपराध किया है और न मेरा अपमान ही हुआ है। पाणिग्रहण की बात तो बहुत दूर, मैं ब्रह्मचर्य महाव्रत का पालन करने वाला हूँ। जहाँ स्त्रियों का आवागमन हो, वहाँ मैं ठहर भी नहीं सकता। तुम अपनी पुत्री को ले जाओ। मुझे इससे कोई प्रयोजन नहीं है।

राजा ने कन्या को यक्ष-प्रकोप से मुक्त करने की मुनि से प्रार्थना की; लेकिन मुनि मौन हो गये। तब यक्ष ने ही कहा–मुनि तुम्हें स्वीकार नहीं करते तो तुम चली जाओ।

राजा अपनी पुत्री के साथ वापिस लौट आया।[1]

राजा ने मंत्रियों से विचार-विमर्श किया तो मंत्रियों ने कहा–मुनि-परित्यक्ता कन्या का विवाह ब्राह्मण के साथ ही किया जा सकता है। अतः भद्रा का विवाह विप्र रुद्रदेव याज्ञिक के साथ हो गया।

रुद्रदेव ने अपनी यज्ञशाला की व्यवस्था नवविवाहिता पत्नी राजकुमारी भद्रा को सौंपी और एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया।

मासोपवासी मुनि हरिकेशबल भिक्षा हेतु भ्रमण करते हुए संयोगवश उसी यज्ञशाला में पहुँचे।

आगे की कथा प्रस्तुत अध्ययन की गाथा १२ से ४७ तक प्रतिपादित है।

---

१. (विशेष–ऐसा उल्लेख भी मिलता है कि राजा अपनी पुत्री को वहीं छोड़कर चला आता है। यक्ष मुनि हरिकेशबल का रूप रखकर राजकुमारी के साथ पाणिग्रहण करता है। प्रातः मुनि से सच्चाई जानकर राजकुमारी वापस राजमहल लौट जाती है। तदुपरान्त ऋषि-पत्नी मानकर उसका विवाह याज्ञिक रुद्रदेव के साथ होता है।)

(Note–This description also we get in some scriptures–

King returns to his palace leaving the princess in Yakṣa temple. Yakṣa weds the princess in the guise of monk Harikeśabala. In the morning, being aware of true position, princess returns to palace. Supposing as the wife of monk, she was married to sacrificer (याज्ञिक) Rudradeva.)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस अध्ययन में कई ऐसी विशेषताएँ हैं, जो शाश्वत महत्व की हैं जैसे–

जाति का कोई महत्व नहीं; शील-सदाचार, तप-त्याग आदि ही महत्वपूर्ण होते हैं।

यज्ञ-याग आदि का वास्तविक स्वरूप ।

वैदिक परम्परा जाति पर आधारित है। जाति-व्यवस्था के आधार पर ही ब्राह्मण सर्वोच्च और पूज्य माने जाते थे; जबकि चांडाल आदि निकृष्टतम।

श्रमण (जैन और बौद्ध दोनों) परम्परा जाति का महत्व नहीं मानती, यहाँ सदाचरण और गुणों का महत्व तथा तप-त्याग की विशेषता मानी गई है।

प्रस्तुत अध्ययन में मुनि हरिकेशबल ने वैदिक और जैन–दोनों परम्पराओं के समन्वय का प्रयास किया है।

प्रस्तुत अध्ययन में पुण्य क्षेत्र, आत्मिक यज्ञ, शील-सदाचार, चारित्र, ब्रह्मचर्य आदि की यथार्थ स्थिति की बड़े ही सम्यक् ढंग से विवेचना करके स्थापना की गई है।

ब्राह्मणत्व पर श्रमणत्व की विजय की अनुगूँज प्रसरित हो रही है।

प्रस्तुत अध्ययन में ४७ गाथाएँ हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

CHAPTER 12
HARIKEŚABALA

Foreview

The base of the title of this chapter is its principal character named–Harikeśabala.

In the preceding eleventh chapter the ardour of learneds is described and in this chapter the nobility of monk Harikeśabala, who was learned and observer of pure sagehood elaborated in a very influential, amazing and titillating style.

The birth of monk Harikeśabala in untouchable lowest tribe (श्वपाक-चांडाल कुल), his former life, the main happenings of this life, observation of sagehood–the curiosity about all these is very natural; and it is also very necessary to be aware of all these happenings for realising his lustre.

Recital Clue

In short, the happenings relating to sage Harikeśabala are–

King Śaṅkha, the ruler of Mathurā city disinclined to worldliness. He became a sage, observed rigorous penances. Due to penances many high exalts, he attained.

Wandering village to village he arrived Hastināpura. Moved towards the city for getting alms. There were two entrance paths to enter the city. Seeing one path, without movement of people, sage Śaṅkha engrossed by hesitation. He asked the man, who was sitting in corridor of his house, about the path for entering the city.

That man was Brāhmaṇa Somadutta, proud of his clan and envious of sages (श्रमण-द्वेषी). He told by pointing towards wrong path–

"This way is a short cut. You will reach the city in no time."

The sage moved on the path, pointed out by the Brāhmaṇa Somadutta.

The reality was otherwise. The name of that path was fiery (हुताशन) or the lane of fire (हुतवह रथ्या). The way was fire-hot. It was very hazardous to move on it. In summer season it burnt like a hot grid.

Somadutta pointed out this path to sage Śaṅha due to his hate for sages; but when he saw that monk is moving on that very path slowly like the slow movement of elephant, then he amazed.

He himself moved on that path and realised the path is as cool as ice. He understood that this monk has special exalts. The path became cool due to his exalt.

Influenced by titillation he approached near the monk and begged pardon for his offence.

Jain monks are forgivers. He forgave Somadutta and at the curiosity of Somadutta he instructed him the true religious order. Being enlightened Somadutta accepted monkhood; but he remain engrossed by proud of his caste and his beauty. Till end of his life he could not get rid of his prouds. But as a result of conduct of a monk he became god, completing his human-duration.

Renouncing the kingdom of ocean-girt Bhāratavarṣa, and exhaustively shedding off karma-dirt (micro particles of kārmaṇa vargaṇā), best in human-beings, universal monarch Araṇātha attained emancipation. (40)

चइत्ता भारहं वासं, चक्कवट्टी नराहिओ ।
चइत्ता उत्तमे भोए, महापउमे तवं चरे ॥४१॥

भारतवर्ष के विशाल राज्य तथा उत्तमोत्तम भोगों को त्यागकर महर्द्धिक चक्रवर्ती महापद्म नरेश्वर ने तप का आचरण किया था ॥४१॥

Renouncing the wide-spread kingdom of Bhāratavarṣa and exquisite pleasures, great fortuned monarch Mahāpadma practised penances. (41)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगच्छत्तं पसाहित्ता, महिं माणनिसूरणो ।
हरिसेणो मणुस्सिन्दो, पत्तो गइमणुत्तरं ॥४२॥

शत्रु राजाओं का मान मर्दन करने वाले हरिषेण चक्रवर्ती ने पृथ्वी का एकच्छत्र शासन किया और फिर सर्वस्व त्यागकर संयम ग्रहण किया तथा मुक्ति प्राप्त की ॥४२॥

Humbler of all hostile kings, monarch Harisena brought the whole earth under his sceptre and then renouncing all, accepted restrain and obtained salvation. (42)

अन्निओ रायसहस्सेहिं, सुपरिच्चाई दमं चरे ।
जयनामो जिणक्खायं, पत्तो गइमणुत्तरं ॥४३॥

सहस्रों राजाओं के साथ श्रेष्ठ त्यागी जय चक्रवर्ती ने राज्य का परित्याग किया और जिनोक्त संयम का आचरण करके मुक्ति प्राप्त की ॥४३॥

The best renouncer monarch Jaya, with thousands of kings, abandoned his whole kingdom and practised restrain, as precepted by Jinas–the Jain monk-order and completing his human-duration attained salvation. (43)

दसण्णरज्जं मुइयं, चइत्ताण मुणी चरे ।
दसण्णभद्दो निक्खन्तो, सक्खं सक्केण चोइओ ॥४४॥

साक्षात् शक्रेन्द्र द्वारा प्रेरित हुए दशार्णभद्र राजा ने प्रमुदित मन से अपने दशार्ण देश को छोड़कर प्रव्रज्या ग्रहण की और मुनिधर्म का आचरण किया ॥४४॥

Inspired by Śakra (the king of gods of first heaven) himself, the king Daśārṇabhadra, ruler of Daśārṇa country, renouncing his flourishing state, accepted consecration and practised monk-conduct. (44)

नमी नमेइ अप्पाणं, सक्खं सक्केण चोइओ ।
चइऊण गेहं वइदेही, सामण्णे पज्जुवट्ठिओ ॥४५॥

विदेहराज नमि राजर्षि ने साक्षात् इन्द्र द्वारा प्रेरित किये जाने पर भी अपना राजभवन और सम्पूर्ण राज्य छोड़कर अपनी आत्मा को नमित किया और श्रमणत्व में सम्पूर्ण रूप से स्थिर हो गये ॥४५॥

Even directed by Śakra himself (not to be an ascetic) the ruler of Videha country, abandoning his whole kingdom and palaces humbled his own soul and became fixed in sagehood. (45)

करकण्डू कलिंगेसु, पंचालेसु य दुम्मुहो ।
नमी राया विदेहेसु, गन्धारेसु य नग्गई ॥४६॥

कलिंग देश में करकण्डु, पांचाल देश में राजा द्विमुख, विदेह राज्य में नमिराज और गांधार देश में नग्गति राजा ॥४६॥

King Karakandu of Kaliṅga country, king Dvimukha of Pāñcāla country, king Nami of Videha country and king Naggati of Gāndhāra country–(46)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एए नरिन्दवसभा, निक्खन्ता जिणसासणे ।
पुत्ते रज्जे ठवित्ताणं, सामण्णे पज्जुवट्ठिया ॥४७॥

ये सभी राजाओं में उत्तम, वृषभ के समान श्रेष्ठ थे। इन चारों राजाओं–प्रत्येकबुद्धों ने अपने-अपने पुत्रों को राज्यभार दिया और प्रव्रजित होकर मुनिधर्म में सर्व रूपेण स्थिर हो गये ॥४७॥

These all the four were excellent among all the kings and best like an ox. All these four were enlightened visualising ordinary and most simple events. All these four enthroned their sons and being consecrated fixed in monkhood wholely. (47)

सोवीररायवसभो, चेच्चा रज्जं मुणी चरे ।
उद्दायणो पव्वइओ, पत्तो गइमणुत्तरं ॥४८॥

राजाओं में वृषभ के समान श्रेष्ठ सौवीर नरेश उदायन ने राज्य का त्याग करके दीक्षा ग्रहण की, मुनिधर्म का आचरण किया और मुक्ति प्राप्त की ॥४८॥

The best as an ox among all the kings, the ruler of Sauvīra region king Udāyana, renouncing his kingdom, accepted consecration, practised monk-order and attained liberation. (48)

तहेव कासीराया, सेओ-सच्चपरक्कमे ।
कामभोगे परिच्चज्ज, पहणे कम्ममहावणं ॥४९॥

इसी प्रकार श्रेय और सत्य में पराक्रमी काशी नरेश ने काम-भोगों का त्याग कर कर्म रूपी महावन को भस्म कर दिया ॥४९॥

In the same way king of Kāśī, exerted in merits and truth, renouncing all the pleasures, consumed great forest of karmas i.e., totally destructed all the karmas. (49)

तहेव विजओ राया, अणट्ठाकित्ति पव्वए ।
रज्जं तु गुणसमिद्धं, पयहित्तु महाजसो ॥५०॥

अमर कीर्तिधारी, महायशस्वी, गुण समृद्ध विजय राजा राज्य को तृणवत् त्यागकर प्रव्रजित हो गया ॥५०॥

Greatly glorified and opulent with virtues king Vijaya, abandoning his kingdom like a piece of straw, accepted consecration. (50)

तहेवुग्गं तवं किच्चा, अव्वक्खित्तेण चेयसा ।
महाबलो रायरिसी, अदुदाय सिरसा सिरं ॥५१॥

इसी तरह अव्याकुल मन से उग्र तपश्चर्या करके राजर्षि महाबल ने सिर देकर–अहंकार का त्याग कर सिर–शीर्ष स्थान मोक्ष प्राप्त किया ॥५१॥

Like this, practising severe penances with an undistracted mind, king Mahābala attained salvation, the highest place by giving up his head–meaning giving up his pride. (51)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहं धीरो अहेऊहिं, उम्मत्तो व्व महिं चरे ?
एए विसेसमादाय, सूरा दढपरक्कमा ॥५२॥

ये भरत आदि शूरवीर दृढ़ पराक्रमी राजा जिनशासन में विशेषता जानकर ही प्रव्रजित हुए थे। अहेतुवादों से प्रेरित होकर अब कोई धीर पुरुष उन्मत्तों के समान पृथ्वी पर कैसे विचरण करे ॥५२॥

Being well aware of the out-topping excellence of Jain-order these intrepid champions like Bharat etc., were consecrated. How a wise and steady man, being inspired by reasonless disputations (अहेतुवाद) can live on earth as a madman. (53)

अच्चन्तनियाणखमा, सच्चा मे भासियावई ।
अतरिंसु तरन्तेगे, तरिस्सन्ति अणागया ॥५३॥

मैंने यह अत्यन्त निदानक्षम- पूर्णरूप से आत्म शुद्धि करने वाली सत्यवाणी कही है। इस वाणी को धारण करके अतीत काल में अनेक व्यक्ति संसार समुद्र से पार हो गये हैं, वर्तमान में पार हो रहे हैं और भविष्य में भी पार होंगे ॥५३॥

I have spoken to you the dialect which is utter-true and excellently capable to purification (अच्चन्तनियाणखमा). By taking this dialect to mind and heart innumerable persons crossed the ocean of world in past, crossing now in present and will cross in future. (53)

कहं धीरे अहेऊहिं, अत्ताणं परियावसे ?
सव्वसंगविनिम्मुक्के, सिद्धे हवइ नीरए ॥५४॥

–त्ति बेमि।

धीर साधक एकान्तवादी अहेतुवाद में अपनी आत्मा को कैसे लगा सकता है? जो सभी प्रकार के संगों–सम्बन्धों से विनिर्मुक्त होता है, वह कर्ममल से रहित होकर सिद्ध होता है ॥५४॥ **–ऐसा मैं कहता हूँ।**

How can a steady adept indulge his soul in causeless disputations ? Who is free from all the worldly ties--connections, he becomes liberated, becoming free from the whole karma-dust. (54)

–Such I Speak.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष स्पष्टीकरण

गाथा २३-प्राचीन युग में दार्शनिक विचारधारा के चार प्रमुख वाद थे-१. क्रियावाद, २. अक्रियावाद, ३. अज्ञानवाद और ४. विनयवाद। सूत्रकृतांग के अनुसार इन चारों का विस्तृत वर्णन इस प्रकार है-

(१) क्रियावादी-आत्मा के अस्तित्व को तो मानते थे, पर उसके सर्वव्यापक या अव्यापक, कर्ता या अकर्ता, मूर्त या अमूर्त आदि स्वरूप के सम्बन्ध में संशय रखते थे।

(२) अक्रियावादी-आत्मा के अस्तित्व को ही नहीं मानते थे। अतः उनके यहाँ पुण्य, पाप, लोक, परलोक, संसार और मोक्ष आदि की कोई भी मान्यता नहीं थी। यह प्राचीन युग की नास्तिक परम्परा है।

(३) अज्ञानवादी-अज्ञान से ही सिद्धि मानते थे। उनके मत में ज्ञान ही सारे पापों का मूल है, सभी द्वन्द्व ज्ञान में से ही खड़े होते हैं। ज्ञान के सर्वथा उच्छेद में ही उनके यहाँ मुक्ति है।

(४) विनयवादी-एकमात्र विनय से ही मुक्ति मानते थे। उनके विचार में देव, दानव, राजा, रंक, तपस्वी, भोगी, हाथी, घोड़ा, गाय, भैंस, शृगाल आदि हर किसी मानव एवं पशु-पक्षी आदि को श्रद्धापूर्वक नमस्कार करने से ही क्लेशों का नाश होता है।

क्रियावादियों के १८०, अक्रियावादियों के ८४, अज्ञानवादियों के ६७ और विनयवादियों के ३२ भेद थे। इस प्रकार कुल मिलाकर ३६३ पाषण्ड थे।

गाथा २८-क्षत्रिय मुनि के कहे हुये "दिव्यवर्षशतोपम" का भाव यह है कि जैसे मनुष्य यहाँ वर्तमान में लोकदृष्टि से सौ वर्ष की पूर्ण आयु भोगता है, वैसे ही मैंने यहाँ देवलोक में दिव्य सौ वर्ष की आयु का भोग किया है।

"पाली" से पल्योपम और "महापाली" से सागरोपम अर्थ किया जाता है। "पाली" साधारण जलाशय से उपमित है, और "महापाली" सागर से।

पल्योपम (एक योजन के ऊँचे और विस्तृत पल्य, बोरा आदि या कूप) को सात दिन के जन्म लिये बालक के बारीक केशों से (केश के अग्र भागों से) ठसाठस भर दिया जाय, फिर सौ-सौ वर्ष के बाद क्रम से एक-एक केशखण्ड को निकाला जाये। जितने काल में वह पल्य अर्थात् कुआँ रिक्त हो, उतने काल को एक पल्य कहते हैं। इस प्रकार के दस कोड़ाकोडी पल्यों का एक सागर होता है। सागर अर्थात् समुद्र के जलकणों जितना विराट लम्बा कालचक्र। यह एक उपमा है, अतः इसे पल्योपम और सागरोपम भी कहते हैं।

अध्ययन में वर्णित प्राचीन राजाओं का कथानक उत्तराध्ययन महिमा में देखें। संक्षिप्त सूचना चित्रों में दी है।

गाथा ५१-"सिरसा सिर" का अर्थ है-शिर देकर शिर लेना। अर्थात् जीवन की कामना से मुक्त रहकर मानव शरीर में सर्वोपरिस्थ शिर के समान सर्वोपरिवर्ती मोक्ष को प्राप्त करना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Salient Elucidations

Gāthā 23–In ancient age there were four disputations of philosophical school of thought–1. Kriyāvāda 2. Akriyāvāda 3. Ajñānavāda and 4. Vinayavāda. Detailed description of all these can be read in Sūtrakṛtāṅga.

(1) *Kriyāvādins* accept the existence of soul, but they were suspicious about its conception like–prevalence-non-prevalence, doer-undoer, with form or formless etc.

(2) *Akriyāvādins* do not accept even the existence of soul. Therefore in their sect there was no acceptance of merit-demerit, this loka other loka, world-salvation or bondage-liberation etc. This was the heretic (नास्तिक) tradition of that age.

(3) *Ajñānavādins* accept attainment of salvation by ingnorance. In their opinion, only knowledge is the root cause of all sins. All the cobats blow up from only knowledge. Salvation is attained by uprooting knowledge in their opinion.

(4) *Vinayavādins* accept-suppose that liberation can be attained by only courtesy and modesty or humility. According to their thinking all the chagrins can be removed only by saluting with faith all the beings of world, may they be gods, demons, kings, poor, penancers, afflicted to sensual pleasures, elephants, horses, cows, buffaloes, jackals and every man, even beasts and birds.

There were 180 divisions of *Kriyāvādins*, 84 of *Akriyāvādins*, 67 of *Ajñānavādins* and 32 of *Vinayavādins*. Thus there were 363 divisions of heretics in all at that time.

Gāthā 28–The meaning of 'Divyavarṣaśatopama', as told by kṣatriya monk, is that–as in this human world according to the viewpoint of human-folk a man enjoys the complete duration of 100 years, in the same way I have enjoyed the duration of complete Divya hundred years' gods' life.

'*Pālī*' is meant for *Palyopama* and *Mahāpālī* for *Sāgaropama*. Pālī is like an ordinary tank and *Mahāpālī* as an ocean.

Palyopama–one Yojan (9.9 miles high with same vastness a palya) a sack or a well of the size as aforesaid, if filled up to the brim by smallest bits of the hairs of 7 days' child and then after per hundred years one bit of hair is taken out. The well completely emptied in a period, that is called a *palya*. Ten crores multiplied by ten crores palyas make a sāgara. Thus sāgara is a circle of time as wide and long as the water-drops of an ocean. It is a simile. Therefore these are also called as *palyopama* and *sāgaropama*.

Gāthā 51–sirasā sira means by giving head, taking head. Its inherent meaning is–becoming free from the wish of life, highest placed in manly body–like a head, to attain the highest abode–salvation.

Note–For the episodes of the kings, hinted in this chapter, the full description is given in the book *Uttarādhyayana Mahimā*. Here (in this book) the short information given through illustrations. So readers are requested to read *Uttarādhyayana Mahimā* for detailed study and information about the great men and kings mentioned in this chapter.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन्नीसवाँ अध्ययन : मृगापुत्रीय

पूर्वालोक

प्रस्तुत अध्ययन का नाम सुग्रीव नगर के राजा बलभद्र और उनकी रानी मृगावती के सुपुत्र युवराज मृगापुत्र के नाम पर निर्धारित किया गया है। युवराज का नाम बलश्री था किन्तु मृगापुत्र नाम से वह अधिक विश्रुत था।

पिछले अध्ययनों से इस अध्ययन में सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें नरक और नरक के दुःखों का अनुभूत वर्णन हुआ है।

एक बार युवराज मृगापुत्र अपने महल के गवाक्ष में बैठा नगर की चहल-पहल देख रहा था। उसकी दृष्टि में, एक मुनि आते हैं। मुनि के तेजस्वी ललाट और तपस्या से कृश दुर्बल शरीर को देखकर उसका चिन्तन गहरा होता है, उसे जातिस्मरण ज्ञान (पिछले जन्मों का ज्ञान) हो जाता है कि पिछले जन्म में मैं भी इसी प्रकार एक श्रमण था।

बस, पूर्वजन्म की स्मृति के कारण उसका मन संसार से विरक्त हो जाता है। माता-पिता से दीक्षा की अनुमति माँगता है। माता-पिता के यह कहने पर कि श्रमणाचार का पालन करना तलवार की धार पर चलना है। उत्तर में मृगापुत्र बताता है कि मेरी आत्मा ने नरकों में ऐसे कष्ट भोगे हैं, जिनका शतांश भी इस मानव लोक में नहीं है।

और फिर वह नरक के दुःखों का वर्णन करता है। यह वर्णन इतना सजीव, रोमांचकर और भयप्रद है कि रोंगटे खड़े हो जाते हैं। नारकीय यातनाओं को पढ़कर शरीर में सिहरन भर जाती है, हृदय काँपने लगता है। (चित्र देखें)

माता-पिता अपने पुत्र को दीक्षित होने से रोकने का अन्तिम प्रयास करते हैं कि—श्रमणत्व धारण करने के पश्चात् यदि कोई रोग हो जाता है तो उसकी चिकित्सा नहीं कराई जाती।

मृगापुत्र इसका यथातथ्य उत्तर देता है कि वन में मृगों के रोगी होने पर उनकी चिकित्सा भी कोई नहीं कराता, वे स्वयं ही स्वस्थ हो जाते हैं। मैं भी मृगचर्या करूँगा।

पुत्र के दृढ़ संकल्प और तीव्र वैराग्य को जानकर माता-पिता ने दीक्षा की अनुमति दे दी। दीक्षित होकर मृगापुत्र ने उत्कृष्ट तपःसाधना करके मुक्ति प्राप्त की।

इस अध्ययन में ९९ गाथाएँ हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

CHAPTER 19
MRGĀPUTRA

Foreview

The title of this chapter based on the son and crown prince of king Balabhadra, ruler of Sugrīvanagara, and his queen Mṛgāvatī. The name of the crown-prince was Balaśrī but he was famed by name Mṛgāputra. So this chapter titled as Mṛgāputra. Another cause seems that Mṛgāputra is the principal character of this chapter.

Special characterstic of this chapter is that it is, totally different from all preceding chapters. In this chapter the agonies, torments, sufferings of hellish beings are described in detail and with full force.

Once prince Mṛgāputra was watching the persons coming and going on the royal road, sitting by the window of his palace. His glance fell on a sage. Seeing the brilliant forehead and weak constructure of sage due to penances; his thinking went deep. He recollected the memory of his former life and lives that I was also a sage in my former life.

Due to the memory of his former lives; his heart disinclined towards the world and worldly ties. He came to his parents to get their consent for consecration. When parents say that to practise monk-conduct is as difficult as to move on the edge of sharp sword bare foot. Then in reply Mṛgāputra expresses the severe torments of hellish beings and says that here in this world agonies are not one-hundredth part in comparison to hellish agonies.

He describes the agonies of hell. This description is so exciting, horripilate and fearful that the hairs stand on their head. By reading the hellish torments, body begins to shiver and heart trembles. (see illustration).

Parents make their last effort to check their son by saying that after consecration, if any disease catches up, then no treatment can be given.

Mṛgāputra says in reply that none gives treatment to deers in forest. They are cured by themselves. I will also do the same.

Knowing the firm resolve and keen apathy of their son, the parents gave their consent. Accepting consecration Mṛgāputra practised excellent penances and attained salvation.

This chapter contains 99 couplets.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगूणविंसइमं अज्झयणं : मियापुत्तिज्जं
एकोनविंश अध्ययन : मृगापुत्रीय

सुग्गीवे नयरे रम्मे, काणणुज्जाणसोहिए ।
राया बलभद्दे त्ति, मिया तस्सऽग्गमाहिसी ॥१॥

वनों और उद्यानों से शोभायमान सुरम्य सुग्रीवनगर में बलभद्र नाम का राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम मृगा था ॥१॥

Adorned by gardens and parks, there was a pleasant city named Sugrīvanagara. King Balabhadra ruled over this city and the name of his queen was Mṛgā. (1)

तेसिं पुत्ते बलसिरी, मियापुत्ते त्ति विस्सुए ।
अम्मापिऊण दइए, जुवराया दमीसरे ॥२॥

उनके बलश्री नाम का एक पुत्र था जो मृगापुत्र के नाम से विख्यात था। वह माता-पिता को अतिप्रिय था। वह युवराज तथा दमीश्वर (शत्रुओं का दमन करने वालों में प्रमुख) था ॥२॥

Their son was Balaśrī, but he was popular by the name Mṛgāputra (son of queen Mṛgā). He was much dear to his parents and was crown-prince. He was also a foremost subduer of enemies. (2)

नन्दणे सो उ पासाए, कीलए सह इत्थिहिं ।
देवो दोगुन्दगो चेव, निच्चं मुइयमाणसो ॥३॥

वह सदा दोगुन्दक देवों के समान प्रसन्नचित्त रहकर आनन्ददायक महल में निवास करता हुआ अपनी रमणियों के साथ क्रीड़ा में निमग्न रहता था ॥३॥

Living in his comfortable palace named Nandana, he dallied with his wives, with always pleasant mind like *dogundaka* gods. (These gods are addicted to luxurious living.) (3)

मणिरयणकुट्टिमतले, पासायालोयणट्ठिओ ।
आलोएइ नगरस्स, चउक्क-तिय-चच्चरे ॥४॥

एक दिन, मृगापुत्र मणि-रत्नों से जड़े फर्श वाले प्रासाद-महल के गवाक्ष में बैठा नगर के चौराहों, तिराहों और चौहट्टों पर होने वाले कुतूहलों को देख रहा था ॥४॥

One day Mṛgāputra, sitting by the window of his chamber (palace) the floor of which was adorned by jewels and precious stones, was looking at the quadrivials, trivials and the persons moving on the royal road. (4)

अह तत्थ अइच्छन्तं, पासई समणसंजयं ।
तव-नियम-संजमधरं, सीलड्ढं गुणआगरं ॥५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसने वहाँ राजपथ पर गमन करते हुए तप-नियम-संयम के धारक, शील संपन्न, गुणों के आकर संयमी श्रमण को देखा ॥५॥

He saw there moving on royal road a restrained sage, who was practiser of penances and monk-rules, full of virtues and very mine of best qualities. (5)

तं देहई मियापुत्ते, दिट्ठीए अणिमिसाए उ ।
कहिं मन्नेरिसं रूवं, दिट्ठपुव्वं मए पुरा ॥६॥

श्रमण को मृगापुत्र अपलक दृष्टि से देखता हुआ विचार करता है-मैं मानता हूँ कि ऐसा रूप इससे पूर्व भी मैंने कहीं देखा है ॥६॥

Mṛgāputra looks at the sage with unwinking eyes and considers that I suppose that I have seen such form anywhere before. (6)

साहुस्स दरिसणे तस्स, अज्झवसाणंमि सोहणे ।
मोहं गयस्स सन्तस्स, जाईसरणं समुप्पन्नं ॥७॥

साधु के दर्शन तथा उसके उपरान्त शुद्ध अध्यवसायों से ऊहापोह करने पर उसे जाति-स्मरणज्ञान समुत्पन्न हुआ ॥७॥

Looking at the sage and then pondering with pure mind he recollected his former births. (7)

देवलोग-चुओ संतो, माणुस्सं भवमागओ ।
सन्निनाणे समुप्पण्णे, जाइं सरइ पुराणयं ॥८॥

संज्ञिज्ञान-जातिस्मरणज्ञान होने पर उसे अपने पूर्वजन्म का स्मरण हो आया कि मैं देवलोक से च्यवित होकर इस मनुष्य भव में आया हूँ ॥८॥

By the memory of former births he became aware that completing god-duration from god-abode I took birth in this human existence. (8)

जाइसरणे समुप्पन्ने, मियापुत्ते महिड्ढिए ।
सरई पोराणियं जाइं, सामण्णं च पुराकयं ॥९॥

जातिस्मरणज्ञान समुत्पन्न होते ही महान राज्य ऋद्धि वाले मृगापुत्र को पूर्वजन्म में आचरित श्रमण धर्म का ज्ञान हो गया ॥९॥

By the memory of his former births, most fortunate and prosperous Mṛgāputra became well aware of practised sage-conduct in former life. (9)

विसएहि अरज्जन्तो, रज्जन्तो संजमम्मि य ।
अम्मापियरं उवागम्म, इमं वयणमब्बवी ॥१०॥

विषयों से विरक्त और संयम में अनुरक्त मृगापुत्र माता-पिता के समीप आया और उनसे इस प्रकार कहने लगा-॥१०॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



चित्र क्रमांक ४३ पृष्ठ ३३ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Disinclined to sensual pleasures and inclined to restrain Mṛgāputra., came to his parents and thus spoke unto them. (10)

सुयाणि मे पंच महव्वयाणि, नरएसु दुक्खं च तिरिक्खजोणिसु ।
निव्विण्णकामो मि महण्णवाओ, अणुजाणह पव्वइस्सामि अम्मो ! ॥११॥

(मृगापुत्र) मैंने पाँच महाव्रतों को सुना है। नरक और तिर्यंच योनियों के दुःख भी मैं जानता हूँ। संसार रूपी महासागर से विरक्त हो गया हूँ, मुझे काम-भोगों की अभिलाषा नहीं रही है। मैं अब प्रव्रज्या ग्रहण करूँगा। हे माता ! मुझे अनुमति दो ॥११॥

(Mṛgāputra) I have heard about five full (great) vows. I also know the torments and sufferings of hellish and beast existences. I became disinclined to worldly ocean. I have no desire of empirical pleasures and amusements. Now I shall accept consecration. Please give me your consent. (11)

अम्मताय ! मए भोगा, भुत्ता विसफलोवमा ।
पच्छा कडुयविवागा, अणुबन्ध-दुहावहा ॥१२॥

हे माता-पिता ! मैं भोगों को भोग चुका हूँ। ये विषफल के समान हैं। बाद में कटुविपाक वाले और निरन्तर दुःख देने वाले हैं ॥१२॥

Parents ! I have exercised amusements. These are like poisonous fruits; their consequences are pungent and they entail continuous pains. (12)

इमं सरीरं अणिच्चं, असुइं असुइसंभवं ।
असासयावासमिणं, दुक्ख-केसाण भायणं ॥१३॥

यह शरीर अनित्य है, अपवित्र है, अशुचि से उत्पन्न हुआ है तथा अशुचि-मल-मूत्र आदि का उत्पत्ति स्थान है। इसमें आत्मा का आवास अशाश्वत है तथा यह शरीर दुःखों और क्लेशों का भाजन है ॥१३॥

This body is transient, impure, originated with and by impurity and also produces impurities, like-urine, stool etc. Inheritance of soul in it is transitory and this body is the vessel of miseries and sufferings. (13)

असासए सरीरम्मि, रइं नोवलभामहं ।
पच्छा पुरा व चइयव्वे, फेणबुब्बुय-सन्निभे ॥१४॥

पहले या पीछे इसे छोड़ना ही है। यह शरीर पानी के बुलबुले के समान क्षणभंगुर है। अतः इसमें मुझे सुख की प्राप्ति नहीं हो रही है ॥१४॥

This body is like a bubble and had to leave before or after (sooner or later). Therefore, no delight I am getting in it. (14)

माणुसत्ते असारम्मि, वाही-रोगाण आलए ।
जरा-मरणघत्थम्मि, खणं पि न रमामऽहं ॥१५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रोगों और व्याधियों के घर तथा जरा और मरण से ग्रसित इस असार मानव शरीर में मुझे एक क्षण भी सुख प्राप्त नहीं हो रहा है ॥१५॥

Abode of sickness and diseases, swallowed up by old age and death–this human body does not please me even for an instant. (15)

जम्मं दुक्खं जरा दुक्खं, रोगा य मरणाणि य ।
अहो दुक्खो हु संसारो, जत्थ कीसन्ति जन्तवो ॥१६॥

जन्म दुःख है। वृद्धता दुःख है। रोग और मरण का दुःख है। यह सम्पूर्ण संसार ही दुःखमय है, जहाँ जीव क्लेश ही पाते हैं ॥१६॥

Birth is ache, old age is ache and so are the disease and death. Really this whole world is full of miseries where the souls suffer distress. (16)

खेत्तं वत्थुं हिरण्णं च, पुत्त–दारं च बन्धवा ।
चइत्ताणं इमं देहं, गन्तव्वमवसस्स मे ॥१७॥

क्षेत्र–खुली भूमि, वास्तु–मकान, स्वर्ण, पुत्र, स्त्री तथा बन्धुजन और इस शरीर को भी छोड़कर एक दिन मुझे यहाँ से लाचार होकर चला जाना है ॥१७॥

Leaving behind the fields, houses (palaces), gold, son, women, kins and even my body; I have to go from here. (17)

जहा किम्पागफलाणं, परिणामो न सुन्दरो ।
एवं भुत्ताण भोगाणं, परिणामो न सुन्दरो ॥१८॥

जिस प्रकार किम्पाक फल–विषफल का परिणाम सुन्दर नहीं होता उसी प्रकार भोगे हुए भोगों का परिणाम भी सुन्दर नहीं होता ॥१८॥

As the consequences of Kimpāka-fruit–poisonous fruit are not good so the consequences of rejoiced amusements are not good. (18)

अद्धाणं जो महन्तं तु, अपाहेओ पवज्जई ।
गच्छन्तो सो दुही होई, छुहा-तण्हाए पीडिओ ॥१९॥
एवं धम्मं अकाऊणं, जो गच्छइ परं भवं ।
गच्छन्तो सो दुही होइ, वाहीरोगेहिं पीडिओ ॥२०॥

जो व्यक्ति बिना पाथेय लिए लम्बे मार्ग पर चल देता है, वह मार्ग में चलते हुए भूख-प्यास से पीड़ित होकर कष्ट पाता है ॥१९॥

इसी तरह जो व्यक्ति धर्म का आचरण किये बिना ही परलोक को प्रस्थान कर देता है, वह व्याधि और रोगों से पीड़ित होकर दुःखी होता है ॥२०॥

The person who starts on a long journey without taking provisions with him, he suffers in the way by the agonies of hunger and thirst. (19)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

In the same way, the person without practising the religious rituals in this life, goes to next birth he suffers from disease and sickness. (10)

अद्धाणं जो महन्तं तु, सपाहेओ पवज्जई ।
गच्छन्तो सो सुही होइ, छुहा-तण्हाविवज्जिओ ॥२१॥
एवं धम्मं पि काऊणं, जो गच्छइ परं भवं ।
गच्छन्तो सो सुही होइ, अप्पकम्मे अवेयणे ॥२२॥

जो व्यक्ति पाथेय (मार्ग का संबल) साथ लेकर लम्बे मार्ग पर प्रयाण करता है वह भूख-प्यास से पीड़ित न होकर सुखी होता है ॥२१॥

इसी प्रकार जो मानव धर्म करके परलोक को प्रयाण करता है वह अल्पकर्मा जीव वेदना से रहित होकर सुखी होता है ॥२२॥

The person who starts on a long journey taking provisions with him, he remains happy and suffers not by hunger and thirst. (21)

In the same way, the person who goes to next birth practising religious rituals in this life, such person being of few karmas, becomes happy and without sufferings. (22)

जहा गेहे पलित्तम्मि, तस्स गेहस्स जो पहू ।
सारभण्डाणि नीणेइ, असारं अवउज्झइ ॥२३॥
एवं लोए पलित्तम्मि, जराए मरणेण य ।
अप्पाणं तारइस्सामि, तुब्भेहिं अणुमन्निओ ॥२४॥

जैसे घर में अग्नि का प्रकोप हो जाने-आग लग जाने पर घर का स्वामी पहले मूल्यवान सार वस्तुओं को बाहर निकालता है और निस्सार वस्तुओं को छोड़ देता है ॥२३॥

इसी तरह मैं भी (हे माता, पिता!) आपकी अनुमति पाकर वृद्धत्व और मृत्यु से जलते हुए इस संसार में से सारभूत अपनी आत्मा को निकालना चाहता हूँ ॥२४॥

As when a house is on fire, the owner rescues his valuable goods and leaves behind worthless things. (23)

Likewise the world is in flames of old age and death. I want to save my soul, by your consent. (24)

तं बिंत ऽम्मापियरो, सामण्णं पुत्त ! दुच्चरं ।
गुणाणं तु सहस्साइं, धारेयव्वाइं भिक्खुणो ॥२५॥

(माता-पिता) माता-पिता ने तब मृगापुत्र से कहा-हे पुत्र ! श्रमण धर्म का पालन अति कठिन है। उसमें हजारों गुण-नियमोपनियम भिक्षु को धारण करने पड़ते हैं ॥२५॥

(Parents) Then parents said to Mṛgāputra,-O son ! It is very difficult to practise sage-order. Mendicant has to observe thousands of virtues-rules and regulations. (25)

समया सव्वभूएसु, सत्तु मित्तेसु वा जगे ।
पाणाइवायविरई, जावज्जीवाए दुक्करं ॥२६॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संसार के सभी जीवों पर, चाहें वे शत्रु हों अथवा मित्र, समभाव रखना और आजीवन प्राणातिपात-हिंसा से विरत होना अत्यन्त दुष्कर है ॥२६॥

Being impartial towards all the beings, may they be friends or foes; and not to injure any throughout life, is extremely difficult. (26)

निच्चकालऽप्पमत्तेणं, मुसावायविवज्जणं ।
भासियव्वं हियं सच्चं, निच्चाउत्तेण दुक्करं ॥२७॥

सदैव अप्रमत्त रहकर मृषावाद का त्याग करना तथा सतत उपयोग के साथ हितकारी सत्य बोलना बहुत कठिन है ॥२७॥

Being ever careful to abandon falsehood and to speak beneficial truth is also very difficult. (27)

दन्त-सोहणमाइस्स, अदत्तस्स विवज्जणं ।
अणवज्जेसणिज्जस्स, गेण्हणा अवि दुक्करं ॥२८॥

दंत शोधन (दतौन) भी बिना दिये न लेना तथा दिया हुआ भी निर्दोष और एषणीय ही लेना, अत्यधिक दुष्कर है ॥२८॥

Not to take anything ungiven even a tooth-pick; and to take any thing yet being given but it should be faultless, it is more difficult. (28)

विरई अबम्भचेरस्स, कामभोगरसन्नुणा ।
उग्गं महव्वयं बंभं, धारेयव्वं सुदुक्करं ॥२९॥

काम-भोगों के रसों-स्वादों को जानने वाले व्यक्ति के लिए अब्रह्मचर्य से विरति और उग्र महाव्रत ब्रह्मचर्य का पालन करना अत्यधिक कठिन है ॥२९॥

Who has tasted the sexual pleasures, it is very difficult for him to completely abstain from non-celibacy and to practise the severe great vow of celibacy. (29)

धण-धन्न-पेसवग्गेसु, परिग्गहविवज्जणं ।
सव्वारम्भपरिच्चाओ, निम्ममत्तं सुदुक्करं ॥३०॥

धन-धान्य, प्रेष्य-सेवक वर्ग तथा परिग्रह का एवं सर्व आरम्भ का परित्याग और ममत्व रहित होना बहुत ही कठिन है ॥३०॥

Renouncement of weath, corn and servants, all possessions and becoming totally affection-free is very difficult. (30)

चउव्विहे वि आहारे, राईभोयणवज्जणा ।
सन्निहीसंचओ चेव, वज्जेयव्वो सुदुक्करो ॥३१॥

अशन-पान आदि चारों प्रकार के आहारों का रात्रि में त्याग करना तथा संनिधि और संचय का त्याग करना अतीव दुष्कर है ॥३१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Not to eat four types of food, drink, dainties and spices--in night and not to store and keep with him, is very difficult. (31)

छुहा तण्हा य सीउण्हं, दंसमसगवेयणा ।
अक्कोसा दुक्खसेज्जा य, तणफासा जल्लमेव य ॥३२॥
तालणा तज्जणा चेव, वह-बन्धपरीसहा ।
दुक्खं भिक्खायरिया, जायणा य अलाभया ॥३३॥

भूख-प्यास, सर्दी-गर्मी, डांस-मच्छर की पीड़ा, आक्रोश वचन, दुःखप्रद शैया, तृणस्पर्श, जल्ल-मैल-॥३२॥

ताड़ना, तर्जना, वध, बन्धन, भिक्षाचर्या, याचना, अलाभ आदि परीषहों को समभाव से सहन करना बहुत ही दुष्कर है ॥३३॥

Hunger and thirst, cold and heat, pains caused by flies and gnats, insulting words, painful lodging, princking of grass, excretions of body--(32)

Blows and threats, corporeal punishment and ties, mendicant's life-order, asking and fruitless begging etc., to bear all these troubles with evenmind is very-very difficult. (33)

कावोया जा इमा वित्ती, केसलोओ य दारुणो ।
दुक्खं बम्भवयं घोरं, धारेउं य महप्पणो ॥३४॥

कापोतीवृति--कबूतर की तरह दोषों से सशंक और सतर्क रहना, दारुण केश लोंच तथा घोर ब्रह्मचर्य धारण करना महान आत्माओं के लिए भी अति दुष्कर है ॥३४॥

Like the tendency of pigeon (who is always afraid of dangers) always to be alert and suspicious about faults and much grievious is the tonsure of hairs and to practise rigorous celibacy is very much hard even for the great men. (34)

सुहोइओ तुमं पुत्ता ! सुकुमालो सुमज्जिओ ।
न हु सी पभू तुमं पुत्ता ! सामण्णमणुपालिउं ॥३५॥

पुत्र ! तू अभी सुख भोगने योग्य है, सुकुमार है, सुमज्जित--साफ-सुथरा रहता है। अतः अभी तू श्रमण धर्म का पालन करने के लिए सक्षम नहीं है ॥३५॥

O Son ! Still you are fit for enjoying pleasures, remains always neat and clean. So you are not capable to practise sage-order--sagehood. (35)

जावज्जीवमविस्सामो, गुणाणं तु महाभरो ।
गुरुओ लोहभारो व्व, जो पुत्ता ! होई दुव्वहो ॥३६॥

हे पुत्र ! साधुचर्या के नियमों गुणों का भार तो लोहे के समान भारी है, जिसे जीवन भर बिना विश्राम लिए उठाना है, यह कार्य बहुत ही दुर्वह है, इसे जीवन भर वहन करना अत्यधिक कठिन है ॥३६॥

O son ! The burden of sage-order-virtues is more heavy than iron-weight, which to be lifted whole life without rest even for a moment, it is very hard, to lift-up it for whole life is very much difficult. (36)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगासे गंग सोउव्व, पडिसोओ व्व दुत्तरो।
बाहाहिं सागरो चेव, तरियव्वो गुणोयही ॥३७॥

जिस प्रकार आकाश–गंगा का अनुस्रोत और जल प्रवाह का प्रतिस्रोत दुस्तर हैं, सागर को भुजाओं से तैरकर पार करना कठिन है; उसी प्रकार गुणों के समुद्र संयम को भी पार करना अत्यधिक दुष्कर है ॥३७॥

It is as difficult like impossible to cross the great ocean of milkyway (heavenly Gaṅgā) against and with its current, by arms. It the same way to cross the great ocean of virtues–restrainment is too much difficult. (37)

वालुयाकवले चेव, निरस्साए उ संजमे।
असिधारागमणं चेव, दुक्करं चरिउं तवो ॥३८॥

बालू–रेत के कवल–कौर की तरह संयम निःस्वाद–नीरस है तथा तप का आचरण तो तलवार की धार पर चलने जैसा दुष्कर है ॥३८॥

Restrainment is tasteless like a mouthful of sand and to practise penance is to move on the sharp edge of sword, such difficult it is. (38)

अहीवेगन्तदिट्ठीए, चरित्ते पुत्त! दुच्चरे।
जवा लोहमया चेव, चावेयव्वा सुदुक्करं ॥३९॥

सर्प के समान एकाग्र दृष्टि से चारित्रधर्म पर चलना दुष्कर है। लोहे के जौ चबाना जैसे कठिन है उसी तरह चारित्र का पालन करना भी दुष्कर है ॥३९॥

Like a snake with fixed eyes on target it is very difficult to practise great conduct-order, chewing or cutting the iron-barleys by wax-teeth is too much difficult, such difficult is to practise conduct-order. (39)

जहा अग्गिसिहा दित्ता, पाउं होइ सुदुक्करं।
तहा दुक्करं करेउं जे, तारुण्णे समणत्तणं ॥४०॥

जैसे प्रज्वलित अग्नि शिखा का पान करना दुष्कर है उसी प्रकार तरुणावस्था में श्रमण धर्म का पालन करना भी दुष्कर है ॥४०॥

As, it is very difficult to swallow the ablazed flame of burning fire, so it is very difficult to practise sagehood in young age. (40)

जहा दुक्खं भरेउं जे, होई वायस्स कोत्थलो।
तहा दुक्खं करेउं जे, कीवेणं समणत्तणं ॥४१॥

जैसे कपड़े के थैले को हवा से भरना कठिन होता है, वैसे ही कायर पुरुष के द्वारा श्रमणाचार का पालन दुःखप्रद होता है ॥४१॥

As to fill a bag of cloth by wind is a difficult task, so the practising sagehood by coward man is full of miseries. (41)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहा तुलाए तोलेउं, दुक्करं मन्दरो गिरी ।
तहा निहुयं नीसंकं, दुक्करं समणत्तणं ॥४२॥

जैसे मंदरगिरि–मेरु पर्वत को तराजू से तोलना दुष्कर है, वैसे ही निश्चल और निःशंक होकर श्रमण धर्म का पालन दुष्कर है ॥४२॥

As to weigh the mountain Meru–Mandara Giri by balance is too much difficult task so to practise sagehood steadily and undoubtedly is very difficult. (42)

जहा भुयाहिं तरिउं, दुक्करं रयणागरो ।
तहा अणुवसन्तेणं, दुक्करं दमसागरो ॥४३॥

जैसे रत्नाकर समुद्र को भुजाओं से तैरना दुष्कर है, वैसे ही अनुपशांत व्यक्ति के लिए संयम के सागर को पार करना दुष्कर है ॥४३॥

It is difficult to swim over and cross the ocean full of gems by arms, so its is too much difficult to cross the ocean of restrainment for the man whose mind is unpacified. (43)

भुंज माणुस्सए भोगे, पंचलक्खणए तुमं ।
भुत्तभोगी तओ जाया ! पच्छा धम्मं चरिस्ससि ॥४४॥

हे पुत्र ! पहले तुम पांच लक्षणों वाले (शब्द, रूप, गंध, रस और स्पर्श) मनुष्य संबंधी भोगों का उपभोग करो, उसके उपरान्त भुक्तभोगी बनकर श्रमणधर्म का आचरण करना ॥४४॥

O son ! therefore you enjoy the five-fold (of touch, taste, smell, sight and hearing–the objects of senses respectively) human pleasures. Afterwards you may practise sage-order. (44)

तं बिंत ऽम्मापियरो, एवमेयं जहा फुडं ।
इह लोए निप्पिवासस्स, नत्थि किंचि वि दुक्करं ॥४५॥

(मृगापुत्र) मृगापुत्र ने कहा–आपने श्रामण्य की दुष्करता के लिए जो कहा, वह सब सत्य है; लेकिन इस संसार से जिसकी तृष्णा शांत हो जाती है, उसके लिए कुछ भी दुष्कर नहीं है ॥४५॥

(Mṛgāputra) Hearing these words of parents, Mṛgāputra replied–Revered Mother and Father ! What you have told about sage-order is completely true; but whose worldly desire becomes pacified, for him nothing is difficult. (45)

सारीर-माणसा चेव, वेयणाओ अणन्तसो ।
मए सोढाओ भीमाओ, असइं दुक्खभयाणि य ॥४६॥

मैंने शारीरिक और मानसिक वेदनाएँ अनेक बार भोगी हैं और दुःख एवं भयों का भी अनुभव किया है ॥४६॥

I have suffered mental and bodily agonies innumerable times and experienced pains and fears. (46)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जरा-मरणकन्तारे, चाउरन्ते भयागरे ।
मए सोढाणि भीमाणि, जम्माणि मरणाणि य ॥४७॥

मैंने चतुर्गति रूप भय के स्थल, वृद्धत्व और मृत्यु रूपी महावन में जन्म-मरण के कष्टों को सहन किया है ॥४७॥

I have undergone the fearful world of four existences i. e., hell, beast, human and god, and suffered the miseries and pains of old age, birth and death, in this broad wood of universe. (47)

जहा इहं अगणी उण्हो, एत्तोऽणन्तगुणे तहिं ।
नरएसु वेयणा उण्हा, अस्साया वेइया मए ॥४८॥

अग्नि यहाँ जितनी उष्ण है, उससे भी अनेक (अनन्त) गुनी उष्णता मैंने नरकों में भोगी है ॥४८॥

The fire as hot in this human world. I have suffered infinite times heat in hells. (48)

जहा इमं इहं सीयं, एत्तोऽणंतगुणं तहिं ।
नरएसु वेयणा सीया, अस्साया वेइया मए ॥४९॥

यहाँ जितना शीत है उससे भी अनन्त गुणी शीत वेदना मैंने नरकों में सहन की है ॥४९॥

As much cold is in this world. I have experienced infinite times cold torments in hells. (49)

कन्दन्तो कंदुकुम्भीसु, उड्ढपाओ अहोसिरो ।
हुयासणे जलन्तम्मि, पक्कपुव्वो अणन्तसो ॥५०॥

मैं नरक की कन्दुकुम्भियों में नीचे सिर और ऊपर पैर करके प्रज्वलित अग्नि में आक्रन्दन करता हुआ अनन्त बार पकाया गया हूँ ॥५०॥

I have been roasted in vast cauldrons (कन्दुकुम्भी) of hell infinite times, though screaming, by blazing fire, my legs up and head down. (50)

महादवग्गिसंकासे, मरुम्मि वइरवालुए ।
कलम्बवालुयाए य, दड्ढपुव्वो अणन्तसो ॥५१॥

महाभयंकर दावाग्नि के समान मरुप्रदेश में वज्र-जैसी कंकरीली रेत में तथा नदी तट की तप्त बालुका में मैं अनन्त बार जलाया गया हूँ ॥५१॥

I have been roasted as the desert on fire, the sands of rivers vairavāluya (the sand on the bank of this river like steel filings-वज्रवालुका) and kadamba-vāluya (its sand is turmeric) infinite number of times. (51)

रसन्तो कंदुकुम्भीसु, उड्ढं बद्धो अबन्धवो ।
करवत्त-करकयाईहिं, छिन्नपुव्वो अणन्तसो ॥५२॥

बन्धु-बान्धवों से रहित, असहाय, रोता-आक्रन्दन करता हुआ मैं कन्दुकुम्भी में ऊँचा बाँधा गया और करवत तथा क्रकच, आरा आदि शस्त्रों से अनन्त बार छेदा-भेदा गया हूँ ॥५२॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Without brethrens, helpless, weeping and screaming I was suspended upside of a cauldron, cut to pieces by scissors, saws and daggers infinite number of times. (52)

अइतिक्खकंटगाइण्णे, तुंगे सिम्बलिपायवे ।
खेवियं पासबद्धेणं, कड्ढोकड्ढाहिं दुक्करं ॥५३॥

अत्यन्त तीक्ष्ण काँटों से आकीर्ण शाल्मली वृक्ष से जाल (पाश) द्वारा बाँधकर मुझे इधर-उधर खींचा गया, उस दुस्सह कष्ट को मैं भोग चुका हूँ ॥५३॥

I was tied to Śālmali tree bristling with very sharp thorns, with the help of snares and pushed and pulled up and down, this side that side. I have undergone such unbearable agonies. (53)

महाजन्तेसु उच्छू वा, आरसन्तो सुभेरवं ।
पीलिओ मि सकम्मेहिं, पावकम्मो अणन्तसो ॥५४॥

अपने ही पापकर्मों के कारण बड़े-बड़े यन्त्रों-कोल्हुओं में मुझे इक्षु के समान अनन्त बार पीला गया। उन दुस्सह कष्टों को मुझे आक्रन्दन करते हुए भोगना पड़ा ॥५४॥

On acount of my own sins I have been crushed like sugarcane in heavy presses infinite number of times. I have to bear those torments with screamings, wailings and weepings. (54)

कूवन्तो कोलसुणएहिं, सामेहिं सबलेहि य ।
पाडिओ फालिओ छिन्नो, विप्फुरन्तो अणेगसो ॥५५॥

सूअर और श्वान रूपधारी श्याम और शबल नामक परमाधर्मी देवों द्वारा, इधर-उधर भागते हुए, चिल्लाते हुए मुझे पकड़ा गया, अनेक बार ऊपर से नीचे गिराया गया, फाड़ा गया और छिन्न-भिन्न किया गया ॥५५॥

By the most irreligious cruel deities (परमाधर्मी देव) named Śyāma and Śabala (black and spotted) in the guise of wild hogs and haunting dogs I was caught, when I was running hither and thither for escape and screaming, I was innumerable times thrown–fallen down, torned and lacerated. (55)

असीहि अयसिवण्णाहिं, भल्लीहिं पट्टिसेहि य ।
छिन्नो भिन्नो विभिन्नो य, ओइण्णो पावकम्मुणा ॥५६॥

पापकर्मों के कारण मैं नरक में उत्पन्न हुआ। वहाँ मुझे अलसी के फूल के समान नीले रंग की तलवारों से, भालों से और लोहे के डण्डों से पीटा गया, छेदा गया, भेदा गया, और खण्ड-खण्ड कर दिया गया ॥५६॥

I was born in hell for my sins. There I was cut, pierced and hacked to pieces by swords, daggers, darts, javelins and iron rods. (56)

अवसो लोहरहे जुत्तो, जलन्ते समिलाजुए ।
चोइओ तोत्तजुत्तेहिं, रोज्झो वा जह पाडिओ ॥५७॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कील (समिला) युक्त जुए वाले, जलते हुए लोहे के रथ में जबरदस्ती जोता गया हूँ, चाबुक और रस्सियों से हांका गया हूँ तथा रोझ के समान पीट-पीटकर जमीन-भूमि पर गिराया गया हूँ ॥५७॥

I was forcibly yoked to a chariot, of burning iron and fixed nail (समिला) or gue and then I was driven by whips and ropes and by beating I was fallen down like an antelope (रोझ). (57)

हुयासणे जलन्तम्मि, चियासु महिसो विव ।
दड्ढो पक्को य अवसो, पावकम्मेहि पाविओ ॥५८॥

अपने ही पापों के कारण मैं जलती हुई चिताओं की अग्नि में भैंसे की तरह जलाया और पकाया गया हूँ ॥५८॥

Due to my own sins, I have forcibly been burnt and roasted like a he-buffalo on piles and in ablazing fire. (58)

बला संडासतुण्डेहिं, लोहतुण्डेहि पक्खिहिं ।
विलुत्तो विलवन्तोऽहं, ढंक-गिद्धेहिऽणन्तसो ॥५९॥

लोहे जैसे कठोर और मजबूत मुख तथा संडासी जैसी नुकीली चोंच वाले गीध और ढंक पक्षियों द्वारा रोता-बिलखता हुआ मैं अनंत बार नोंचा गया हूँ ॥५९॥

I have been violently lacerated by birds (devilish vultures in the guise of birds) with iron bills and shaped like tongs, screaming and wailing, infinite times. (59)

तण्हाकिलन्तो धावन्तो, पत्तो वेयरणिं नदिं ।
जलं पाहिं त्ति चिन्तन्तो, खुरधाराहिं विवाइओ ॥६०॥

मैं प्यास से व्याकुल होकर, दौड़ता हुआ वैतरणी नदी के पास पहुँचा। जल पीने की सोच ही रहा था कि छुरे की धार जैसी तीक्ष्ण धारा ने मुझे चीर दिया ॥६०॥

Suffering from agony of thirst, I ran to hellish river Vaitaraṇī. I was thinking to drink water, but the sharp current of river cleaved me. (60)

उण्हाभितत्तो संपत्तो, असिपत्तं महावणं ।
असिपत्तेहिं पडन्तेहिं, छिन्नपुव्वो अणेगसो ॥६१॥

गर्मी से संतप्त होकर छाया के लिए मैं असिपत्र महावन में पहुँचा। लेकिन वृक्षों से गिरते हुए छुरे की धार के समान तीक्ष्ण पत्तों ने मुझे चीर दिया ॥६१॥

Distressed by extreme heat I approached the Asipatra Mahāvana. But the leaves dropping down from which were as sharp as daggers, those leaves cleaved me. (61)

मुग्गरेहिं मुसंढीहिं, सूलेहिं मुसलेहि य ।
गयासं भग्गगत्तेहिं, पत्तं दुक्खं अणन्तसो ॥६२॥

सभी ओर से निराश हुए मुझे मुद्गरों, मुसुण्डियों, शूलों और मूसलों से चूर-चूर कर दिया गया। ऐसा भयंकर दुःख-कष्ट मैंने अनन्त बार भोगा है ॥६२॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नारकीय वेदनाओं का सजीव वर्णन : अध्ययन-१९ गाथा ५० से ५४ तक

नरक वेदना

चित्र क्रमांक ४४ पृष्ठ ३३ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नारकीय वेदनाओं का सजीव वर्णन : अध्ययन १९ गाथा ५६ से ७३ तक

चित्र क्रमांक ४५ पृष्ठ ३३ पर चित्र परिचय देखें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नारकीय वेदनाओं का सजीव वर्णन : अध्ययन १९ गाथा ६२ से ७० तक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Being disappointed I crushed to pieces by mallets, knives, thorns, forks, maces. Such dreadful torments I have experienced infinite numbers of time. (62)

खुरेहि तिक्खधारेहि, छुरियाहिं कप्पणीहि य ।
कप्पिओ फालिओ छिन्नो, उक्कत्तो य अणेगसो ॥६३॥

अत्यन्त तीक्ष्ण धार वाले छुरों से, छुरियों से और कैंचियों-कतरनियों से मैं अनेक बार काटा गया हूँ, कपड़े की तरह फाड़ा गया हूँ, छेदा गया हूँ और मेरी चमड़ी उधेड़ी गयी है ॥६३॥

Innumerable times I have been slit, cut, mangled and skinned by sharp edged daggers, razors, scissors, knivers and shears. (63)

पासेहिं कूडजालेहिं, मिओ वा अवसो अहं ।
वाहिओ बद्धरुद्धो अ, बहुसो चेव विवाइओ ॥६४॥

अवश बने मुझे अनेक बार पाशों-बन्धनों, कूट जालों से मृग के समान पकड़ा गया, बाँधा गया, रोका गया, और विनष्ट किया गया ॥६४॥

As a helpless deer, in dense snares and severe traps, I was caught, fastened, detained and destructed innumerable times. (64)

गलेहिं मगरजालेहिं, मच्छो वा अवसो अहं ।
उल्लिओ फालिओ गहिओ, मारिओ य अणन्तसो ॥६५॥

मछली के गले में फँसाकर उसे पकड़ने वाले काँटों-गलों से, मगरों को पकड़ने वाले जालों से विवश हुए मुझे अनन्त बार पकड़ा गया, खींचा गया, फाड़ा गया और मारा गया ॥६५॥

Being helpless, I was caught with hooks (same as to catch a fish) and bow nets (same as to ensnare crocodiles), pulled, torned and pierced infinite number of times. (65)

वीदंसएहि जालेहिं, लेप्पाहिं सउणो विव ।
गहिओ लग्गो बद्धो य, मारिओ य अणन्तसो ॥६६॥

पक्षियों को डस जाने वाले-भक्षण करने वाले बाज पक्षियों तथा चिपकाने वाले वज्रलेपों जालों के द्वारा मैं पक्षियों के समान अनंत बार पकड़ा गया, बाँधा गया, चिपकाया गया और मारा गया ॥६६॥

By huge vulture eagles, who eat the birds and fast stickers (adhesives) I was caught by snares as a bird, entrapped, bound and crushed infinite number of times. (66)

कुहाड-फरसुमाईहिं, वड्ढईहिं दुमो विव ।
कुट्टिओ फालिओ छिन्नो, तच्छिओ य अणन्तसो ॥६७॥

जिस प्रकार बढ़ई वृक्ष को छीलते हैं उसी प्रकार मैं भी कुल्हाडी, फरसे आदि से अनन्त बार कूटा गया, चीरा गया, फाड़ा गया, छेदा गया और छीला गया हूँ ॥६७॥

As carpenters scratch a tree so have I also been by axes, hatchets etc., infinite times, scrached, felled, slit, sawn into planks and stripped off the bark. (67)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चवेडमुट्ठिमाईहिं, कुमारेहिं अयं पिव ।
ताडिओ कुट्टिओ भिन्नो, चुण्णिओ य अणन्तसो ॥६८॥

लुहार जिस तरह लोहपिंड को कूटता-पीटता है उसी तरह परमाधर्मी देवों द्वारा मैं चपतों-चाँटों-थप्पड़ों, मुक्कों द्वारा अनन्त बार पीटा गया, कूटा गया, टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया और चूर्ण बना दिया गया ॥६८॥

As a blacksmith macerate and gives stroke to a lump of iron by hammer so have I been by most irreligious deities by slaps, fists, beaten, macerated, tomed and crushed infinite number of times. (68)

तत्ताइं तम्बलोहाइं, तउयाइं सीसयाणि य ।
पाइओ कलकलन्ताइं, आरसन्तो सुभेरवं ॥६९॥

भयंकर आक्रन्दन करते हुए भी मुझे कलकलाता-उबलता हुआ गर्मागर्म लोहा, ताँबा, रांगा और सीसा पिलाया गया ॥६९॥

Screaming enormously, even I forcibly made to drink boiling fluid iron, copper, tin and lead. (69)

तुहं पियाइं मंसाइं, खण्डाइं सोल्लगाणि य ।
खाविओ मि समंसाइं, अग्गिवण्णाइं णेगसो ॥७०॥

'तुझे खण्ड-खण्ड किया हुआ तथा शूल में पकाया हुआ मांस बहुत प्रिय था (परमाधर्मी असुरकुमारों द्वारा यह याद दिला-दिलाकर) मेरे अपने ही शरीर का मांस काटकर और उसे अग्नि में तपाकर लाल सुर्ख करके मुझे अनेक बार खिलाया गया ॥७०॥

'You were fond of meat minced or roasted' (memorizing me thus by most irreligious cruel deities) I have made to eat the flesh of my own body, cutting and making red hot. (70)

तुहं पिया सुरा सीहू, मेरओ य महूणि य ।
पाइओ मि जलन्तीओ, वसाओ रुहिराणि य ॥७१॥

'तुझे सुरा, सीधु, मैरेय और महुए आदि से निर्मित मद्य-मादक पदार्थ बहुत प्रिय थे-यह याद दिलाकर मुझे जलती हुई चर्बी और रक्त पिलाया गया ॥७१॥

Memorizing me that 'You were very fond of wine, liquor and different kinds of alcohols,' I forcibly made to drink burning fat and blood. (71)

निच्चं भीएण तत्थेण, दुहिएण वहिएण य ।
परमा दुहसंबद्धा, वेयणा वेइया मए ॥७२॥

मैंने इस प्रकार अपने पूर्वजन्मों में सदा भयकारक, दुःखित, कष्टित, पीड़ित और व्यथित होकर अत्यन्त दुःख वेदना का अनुभव किया है ॥७२॥

Thus I have experienced the most painy agonies, ever being frightened, trembling, distressed in my previous births. (72)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिव्व-चण्ड-प्पगाढाओ, घोराओ अइदुस्सहा ।
महब्भयाओ भीमाओ, नरएसु वेइया मए ॥७३॥

मैंने नरकों में तीव्र, प्रचण्ड, प्रगाढ़ और घोर अत्यन्त दुःसह, महा भयंकर और भयभीत करने वाली वेदनाएँ भोगी हैं ॥७३॥

I have experienced sharp, acute, horrible, severe, intolerable, dreadful agonies in hells. (73)

जारिसा माणुसे लोए, ताया ! दीसन्ति वेयणा ।
एत्तो अणन्तगुणिया, नरएसु दुक्खवेयणा ॥७४॥

पिताजी ! इस मनुष्य लोक में जैसी वेदनाएँ दिखाई देती हैं, उससे अनन्तगुणी दुःखपूर्ण वेदनाएँ-कष्ट-पीड़ाएँ नरकों में होती हैं ॥७४॥

Revered Father ! Infinitely more severe sufferings and torments are in hells than the sufferings of this human world. (74)

सव्वभवेसु अस्साया, वेयणा वेइया मए ।
निमेसन्तरमित्तं पि, जं साया नत्थि वेयणा ॥७५॥

मैंने प्रायः सभी भवों-गतियों में असाता-दुःखरूप वेदना का ही अनुभव किया है। एक पल मात्र के लिए भी असाता-दुःख का अन्त नहीं आया। साता वेदना-सुख की अनुभूति नहीं हो सकी ॥७५॥

I have generally experienced sorrows and sufferings in all the existences. Sorrow never ended even for a moment. I could not experience happiness for awhile. (75)

तं बिंत ऽम्मापियरो, छन्देणं पुत्त ! पव्वया ।
नवरं पुण सामण्णे, दुक्खं निप्पडिकम्मया ॥७६॥

(माता-पिता) माता-पिता ने तब मृगापुत्र से कहा-तुम अपनी इच्छा से प्रव्रज्या लेना चाहो तो ग्रहण कर लो; किन्तु विशेष बात यह है कि यदि श्रमण-जीवन में किसी कारण शरीर में रोग उत्पन्न हो जाय तो उसकी निष्प्रतिकर्मता-चिकित्सा नहीं कराई जाती-यह एक बड़ा दुःख है ॥७६॥

(Parents) Then mother and father said to Mṛgāputra-Son, if you want to be consecrated then accept it according to your wish. But you should know that by any cause the body of monk is caught by any kind of illness, then no remedy can be given for that disease. It is very painful. (76)

सो बिंत ऽम्मापियरो ! एवमेयं जहाफुडं ।
पडिकम्मं को कुणई, अरण्णे मियपक्खिणं ? ॥७७॥

(मृगापुत्र) मृगापुत्र ने कहा-हे माताजी, पिताजी ! श्रमणमार्ग ऐसा ही है, जैसा आपने कहा है लेकिन जंगलों में मृग आदि पशु तथा पक्षियों की चिकित्सा कौन कराता है ?॥७७॥

(Mṛgāputra) Then Mṛgāputra said to his parents-Really the monk-order is the same, as you have told. But who gives treatment to the ailings of beasts and birds living in forests ? (77)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगभूओ अरण्णे वा, जहा उ चरई मिगो ।
एवं धम्मं चरिस्सामि, संजमेण तवेण य ॥७८॥

जैसे वन में मृग अकेला ही विचरण करता है उसी प्रकार मैं तप-संयम से भावित होकर अकेला ही विचरण करूँगा ॥७८॥

As the deer (or wild animal) roams about itself in the forest, so I will roam alone practising restrain and penances. (78)

जया मिगस्स आयंको, महारण्णम्मि जायई ।
अच्छन्तं रुक्खमूलम्मि, को णं ताहे तिगिच्छई ? ॥७९॥

जब महा भयंकर गहन वन में मृग के शरीर में आतंक-शीघ्रघाती रोग उत्पन्न हो जाता है, तब वृक्ष के मूल में बैठे हुए उस मृग की चिकित्सा कौन कराता है ? ॥७९॥

When in the dreadful vast forest a prolonged disease is caused in the body of a deer, then he lays down at the root of a tree, who gives him treatment ? (79)

को वा से ओसधं देई ?, को वा से पुच्छइ सुहं ?।
को से भत्तं च पाणं च, आहरित्तु पणामए ? ॥८०॥

कौन उसे औषध देता है? कौन उसके सुख-स्वास्थ्य के विषय में पूछता है और कौन उसे आहार आदि लाकर देता है? ॥८०॥

Who gives him medicine and who inquires for his health and who feeds him with food and water ? (80)

जया य से सुही होइ, तया गच्छइ गोयरं ।
भत्तपाणस्स अट्ठाए, वल्लराणि सराणि य ॥८१॥

जब वह स्वयं ही सुखी और स्वस्थ हो जाता है तब वह स्वयं गोचर भूमि में जाता है और खाने-पीने के लिए लता निकुंजों, झाड़ियों तथा सरोवरों को खोजता है ॥८१॥

When he himself becomes happy and healthy (by nature cure) then he goes himself in pasture land and to lakes and searches himself the food and water. (81)

खाइत्ता पाणियं पाउं, वल्लरेहिं सरेहि वा ।
मिगचारियं चरित्ताणं, गच्छई मिगचारियं ॥८२॥

लता कुंजों और सरोवरों से अपनी भूख-प्यास को मिटाकर स्वतंत्र विचरण करता हुआ वह मृगों की निवास भूमि में चला जाता है ॥८२॥

Pacifying his hunger and thirst by eating grass and drinking the lake-water. He goes freely roaming to his own herd, the residence of his troop. (82)

एवं समुट्ठिओ भिक्खू, एवमेव अणेगओ ।
मिगचारियं चरित्ताणं, उड्ढं पक्कमई दिसं ॥८३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसी प्रकार संयम में समुत्थित भिक्षाजीवी साधु अनियतचारी होकर तथा मृगचर्या के सदृश आचरण करके ऊर्ध्व दिशा–मोक्ष की ओर गमन करता है ॥८३॥

In the same way indulged in restrainment the mendicant becoming unobstructed sage, roaming freely like a deer, goes to upper direction. i.e., attains abode of emacipateds. (83)

जहा मिगे एग अणेगचारी, अणेगवासे धुवगोयरे य ।
एवं मुणी गोयरियं पविट्ठे, नो हीलए नो विय खिंसएज्जा ॥८४॥

जिस प्रकार मृग अकेला अनेक स्थानों पर विचरण करता है और अनेक स्थानों पर निवास करता है उसी प्रकार गोचरी के लिए गृहस्थों के घर में प्रविष्ट हुआ मुनि न तो किसी की हीलना करता है और न ही किसी की निन्दा करता है ॥८४॥

As a deer roams and resides, and takes food and water from many places, in the same way the mendicant on his begging tour, entering in the houses of householders, neither insults nor speaks ill about any body. (84)

मिगचारियं चरिस्सामि, एवं पुत्ता ! जहासुहं ।
अम्मापिऊहिं अणुन्नाओ, जहाइ उवहिं तओ ॥८५॥

मृगापुत्र ने कहा–माता-पिताजी ! मैं मृग के समान चर्या करूँगा। यह सुनकर माता-पिता ने कहा–पुत्र! जिसमें तुम्हें सुख हो, वैसा ही करो। इस तरह माता-पिता की आज्ञा प्राप्त करके मृगापुत्र उपधि का त्याग करता है ॥८५॥

